

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 25 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-027 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## पड़ोसन ने की आरक्षक की पत्नी व मासूम बेटे की चाकू मारकर हत्या

**भिलाई,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के एसटीएफ कॉलोनी में शनिवार को सुबह सुबह खौफनाक वारदात सामने आई है। यहां एसटीएफ के जवान की पत्नी रीना यादव व उसके 9 साल के बेटे आदित्य यादव की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। इस पूरी वारदात को पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने अंजाम दिया। बताया जा रहा है महिला सुबह लगभग 7:30 से 8 बजे के बीच घर में घुसी और एसटीएफ जवान की पत्नी और उसके 9 साल के बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी, जबकि 2 बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक बेटी चाकू लगने के बाद बाथरूम में छिपकर अपनी जान बचाई.दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, स्मृति नगर चौकी प्रभारी राजेश साहू ने मौका ए वारदात का निरीक्षण किया. जानकारी के अनुसार बीजापुर

### दो बेटियां गंभीर रूप से घायल





एसटीएफ में पदस्थ आरक्षक ललितेश यादव की पत्नी रीना यादव अपने तीन बच्चों आदित्य यादव व दो बेटियों के साथ एसटीएफ कॉलोनी बी ब्लॉक के डी-15 में रहती है। आरक्षक ललितेश यादव 15 दिन की छुट्टियां लेकर घर आया हुआ था। शनिवार की सुबह पति ललितेश यादव टिकट रिजर्वेशन कराने गया था। इस बीच ( 25 साल ) सरोजनी भारद्धाज घर में घुसी आर धारदार चाकू से रीना यादव और बच्चों पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला किया। हमले में बेटे आदित्य यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जब सरोजनी हमला कर रही थी उस दौरान रीना यादव ने अपनी बेटियों को भागने के लिए कहा। एक बेटी किसी तरह बाहर निकलकर पड़ोसियों को सूचना देने में सफल रही, जबकि दूसरी बाथरूम में छिप गई। सूचना मिलने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और महिला को पकड़ लिया। लोगों ने उसके हाथ से चाकू छीनकर उसे बांधा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपिया को हिरासत में लिया और रीना यादव व बच्चों को अस्पताल पहुंचाया रीना यादव की अस्पताल में मौत हो गई वहीं दोनों बेटियों का इलाज चल रहा है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि शुरुआती जांच व पूछताछ में पता चला है कि आरोपिया सरोजनी भारद्धाज एक दिन पहले यानी शुक्रवार को घर पहुंची थी उस समय आरक्षक ललितेश यादव ने उसे समझाकर वापस भेज दिया था। बताया जा रहा है कि सरोजनी जांजगीर की रहने वाली है और दुर्ग में किराए के मकान में रह रही थी फिलहाल मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद ही इस सनसनीखेज मामले की असलियत सामने आ सकेगी।

### फेसबुक में दोस्ती, फिर की शादी!

घटना को लेकर जो जानकारी सामने आ रही है, उसके अनुसार बीजापुर में पदस्थ आरक्षक ललितेश यादव और जांजगीर-चांपा में रहने वाली आरोपी महिला सरोजनी भारद्वाज के बीच फेसबुक के जरिए दोस्ती हुई थी, जो जल्द ही प्यार में बदल गया. बताया जा रहा है कि आरक्षक ने कथित तौर पर महिला से दूसरी शादी भी कर ली थी. अब पुलिस कथित दूसरी पत्नी के आरक्षक की पहली पत्नी और बच्चों पर हमले के पीछे की वजह जानने में जुटी हुई

## 55 साल की महिला को आईवीएफ की अनुमति

**बिलासपुर,25 अप्रैल।** हाईकोर्ट ने एक अहम मामले में अपनी इकलौती संतान खोने वाली दंपती को 55 वर्ष की उम्र में आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन के जरिए दोबारा माता- पिता बनने की अनुमति दी है। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने कहा कि संतान सुख भी संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। बिलासपुर के हाई कोर्ट कॉलोनी में रहने वाली 49 वर्षीय महिला और उनके 55 वर्षीय पति ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी, इसमें बताया कि वर्ष 2022 में उनकी इकलौती बेटी का असामयिक निधन हो गया था। उन्होंने फिर से परिवार शुरू करने का फैसला लिया और बिलासपुर स्थित एक निजी आईवीएफ सेंटर में परामर्श लिया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल रूप से फिट पाया , लेकिन यह पता चलने पर कि पति फरवरी 2026 में 55 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं। एआरटी यानी असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एक्ट 2021 की धारा 21(जी) के तहत पुरुष के लिए अधिकतम उम्र 55 वर्ष और महिला के लिए 50 वर्ष तय है, इसी तकनीकी आधार पर डॉक्टरों ने इलाज शुरू करने से इनकार कर दिया था।

## स्कूल जा रहीं शिक्षिकाएं ट्रक की चपेट में, एक की मौत

**बलरामपुर,25 अप्रैल।** जिले के वाड्रफनगर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूल जा रही दो शिक्षिकाएं ट्रक की चपेट में आ गईं। हादसे में स्कूटी सवार एक शिक्षिका की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बसंतपुर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों शिक्षिकाएं अपने विद्यालय करमडीहा स्कूल के लिए स्कूटी से निकली थीं। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि एक शिक्षिका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी शिक्षिका रजनी केवट गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घायल शिक्षिका को तत्काल स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से वाड्रफनागर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतक और घायल दोनों शिक्षिकाएं करमडीहा स्कूल में पदस्थ थीं। घटना की खबर मिलते ही स्कूल स्टाफ और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर बसंतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है, और स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा एवं तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग उठाई है।

## बंद मकान में लगी आग,9 घर भी चपेट में

**बिलासपुर,25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में बढ़ती गर्मी के बीच आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही है. इस बीच मस्तूरी में भीषण आग का कहर देखने को मिला है. जोंधरा चौक के पास स्थित आरा मिल के पीछे बंद मकान में लगी आग ने आसपास के 9 घरों को भी चपेट में ले लिया. घटना से रिहायशी इलाकों में अग्नि सुरक्षा पर फिर सवाल उठ रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, आरा मिल के पीछे बसे घरों में देर रात आग लग गई. घटना में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया. वहीं शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है. गनीमत रही कि घरों से लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई ली. बताया जा रहा है कि कच्ची और लकड़ी की छतों के माध्यम से आग तेजी से फैली. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत, अफरा-तफरी का माहौल है. सूचना के बाद मस्तूरी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वहीं प्रशासन नुकसान के आकलन करेगा.

## पंजाब में 28 विधायक छोड़ सकते हैं आप

**नई दिल्ली,25 अप्रैल।** राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सांसदों के बीजेपी में जाने के बाद पंजाब की राजनीति में भूचाल मच गया है। आम आदमी पार्टी हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले दिनों में पंजाब के करीब 28 विधायक भी आम आदमी पार्टी छोड़ सकते हैं। इसके साथ ही पंजाब में मौजूदा सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा है। जयहिंद ने कहा कि जो सांसद पार्टी छोड़कर गए हैं, उनमें से कई के साथ पहले दुर्व्यवहार हुआ, कई के साथ मारपीट भी हुई और दबाव बनाया गया।

## कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर होगा फोकस

**रायपुर,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि बीजेपी सिर्फ चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर समय तैयारी करती है. शांतिकाल में भी हम युद्ध के लिए शस्त्र तैयार रखते हैं. कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, कार्यपद्धति की ट्रेनिंग देंगे. प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं के कौशल विकास फोकस होगा. मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित होंगे. ईडी जांच में नक्सल प्रभावित इलाकों में विदेशी फंडिंग का खुलासा होने के बाद छत्तीसगढ़ का सियासी तेज है. राजनांदगांव से भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने कांग्रेस और भूपेश बघेल पर हमला बोला है. गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इसीलिए कांग्रेस और भूपेश बघेल ने ईडी पर रोका छेका किया. कांग्रेस ने फॉरेन फंडिंग से लोगों को जेएनयू भेजा. आदिवासी क्षेत्रों में फंडिंग से कई गतिविधियां संचालित की गई. कांग्रेस का नक्सलियों के बीच नेटवर्क था, यह जनता जान चुकी थी.भाजपा सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने विदेशी फंडिंग वाले गैर सरकारी संगठन पर रोक लगाई. वहीं प्रदेश में धर्मांतरण रोकने के लिए कानून भी भाजपा ही लेकर आई.भारतीय राजनीति में शुक्रवार को बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ. संदीप पाठक, राघव चढ्ढा समेत कई आप सांसद ने पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन कर ली. इसे लेकर बीजेपी सांसद संतोष पांडे ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक कहावत है. बकरी पालन हो तो फईरिका से भी काम चल जाता है. लेकिन बीजेपी का गेट बहुत बड़ा है, सिंहद्वार है. इसमें सभी तरह के लोगों का प्रवेश हो जाता है.



## मुख्यमंत्री साय से जापान के प्रतिनिधिमंडल की सौजन्य मुलाकात

### निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार को लेकर चर्चा

**रायपुर 25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास और तकनीकी सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर अपने जापान प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार की उद्योगोन्मुखी और निवेश प्रोत्साहनकारी नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जापान तकनीकी दृष्टि से अग्रणी देश है और वहां की उन्नत विशेषज्ञता का लाभ छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के निवेश और सहयोग से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। जापान से आए प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में निवेश के लिए अनुकूल और पारदर्शी वातावरण तैयार हुआ है, जिससे उद्योगों के विस्तार के लिए बेहतर संभावनाएं उपलब्ध हो रही हैं। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में अपने निवेश को और बढ़ाने की इच्छा भी व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक श्री अनुज शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, एफसेनल के डायरेक्टर श्री युकीहिरो मोमोसे, कोनोइके ट्रांसपोर्ट के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री तोशीहीरो फूजीवारा, एफएसएनएल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुनील कुमार दीक्षित तथा हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के पूर्व सीएमडी श्री के. डी. दीवान उपस्थित थे।




## निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य करने पर होगी सख्त कार्रवाई:मुख्य सचिव

**रायपुर,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्य सचिव विकासशील ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में अब एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों से ही अध्यापन कराना अनिवार्य होगा। अभिभावकों और छात्रों पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें और वर्कबुक खरीदने के लिए दबाव डालने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ अब शिक्षा विभाग सख्त हो गए हैं। अप्रैल 2026 में जारी आदेशों के अनुसार निजी स्कूलों को एनसीईआरटी की किताबें ही अपनाने के निर्देश दिए गए हैं और निजी दुकानों से किताबें खरीदने की बाध्यता खत्म करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का उद्देश्य पालकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाना और शिक्षा को सुलभ बनाना है। मुख्य सचिव ने समस्त कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि निजी विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें



क्रय करने हेतु विद्यार्थियों एवं पालकों को बाध्य नहीं किया जाए। निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य करने पर सख्त कार्रवाई करें। सीजी बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजी विद्यालयों में पहली से 10 वीं तक एससीईआरटी की छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम से प्रकाशित पुस्तकें विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रदाय की जाती हैं। इन विद्यालयों में किसी अन्य प्रकाशक की पुस्तकें खरीदने हेतु बाध्य करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसी प्रकार सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में भी एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जाना है। निर्देशों के अनुसार कक्षा पहली से आठवीं तक निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें ही लागू करवाई जाएं ताकि पालकों पर निजी पुस्तकों का अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। साथ ही कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को भी किसी पुस्तक दुकान विशेष से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें, गणवेश एवं स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उसके निपटारे के लिए जिले में पारदर्शी व्यवस्था बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं करने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




## तिल्दा रेलवे फाटक बंद

**तिल्दा,25 अप्रैल।** तिल्दा रेलवे फाटक शनिवार दोपहर से बंद कर दिया गया है। रेलवे लाइन पर आवश्यक मरम्मत एवं कार्य के चलते फाटक को अस्थायी रूप से बंद किया गया है, जिसे रविवार शाम 6 बजे के बाद खोले जाने की संभावना है। फाटक बंद होने से तिल्दा-खरोरा-सिमगा मार्ग पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। विशेषकर डॉ. खूबचंद बघेल चौक पर भारी जाम की स्थिति बन गई है, जहां ट्रकों की लंबी कतारें लग गई हैं। छोटी-बड़ी गाड़ियां अब वैकल्पिक मार्गों से होकर गुजरने को मजबूर हैं। तिल्दा से धरसीवां जाने वाला मार्ग, जो वार्ड क्रमांक 18, 19, 20, 21, 22, 1 और 2 को जोड़ता है, फाटक बंद होने के कारण पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इसके चलते तिल्दा स्टेशन मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया है और मार्ग अत्यधिक व्यस्त हो गया है। गौरतलब है कि इस मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की योजना थी, लेकिन स्थानीय विरोध के चलते अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है।

## ईडी का बड़ा खुलासा: विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण

**रायपुर,25 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में ईसाई धर्म के प्रचार के लिए विदेशी फंडिंग के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में सामने आया है कि अमेरिका से आए पैसों का इस्तेमाल बस्तर और धमतरी में धार्मिक गतिविधियों के विस्तार में की गई। जांच एजेंसी के मुताबिक, नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच करीब 95 करोड़ रुपए विदेशी डेबिट कार्ड के जरिए भारत लाए गए। अमेरिकी एजेंसी की ओर से जारी करीब 6.5 करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ के इलाकों में खर्च किए गए हैं। यह पूरा मामला 'द टिमोथी इनिशिएटिव' नामक संगठन और उससे जुड़े लोगों से जुड़ा है। इस मामले में मिकाह मार्क नाम के विदेशी नागरिक को बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन ब्यूरो ने ईडी के लुकआउट सर्कुलर के आधार पर हिरासत में लिया। उसके पास से 24 विदेशी डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं, जिनके जरिए भारत में कैश निकाला जा रहा था। ईडी ने 18 और 19 अप्रैल को देशभर में 6 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। जांच में सामने आया कि अमेरिका के ट्रस्ट बैंक से जुड़े विदेशी डेबिट कार्ड भारत लाकर अलग-अलग राज्यों के एटीएम से बार-बार नकदी निकाली जा रही थी। ऐसा कर नियामकीय व्यवस्था और वित्तीय निगरानी तंत्र को चकमा दिया जा रहा था। यह पूरा मामला 'द टिमोथी इनिशिएटिव नामक संगठन और उससे जुड़े लोगों से जुड़ा है। यह संगठन ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए काम करता है। ईडी के अनुसार, यह संगठन एफसीआरए के तहत पंजीकृत नहीं है, फिर भी विदेशी फंडिंग का इस्तेमाल गतिविधियों के संचालन में किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि नवंबर 2025 से अप्रैल 2026 के बीच करीब 95 करोड़ रुपए विदेशी डेबिट कार्ड के जरिए भारत में लाए गए। वहीं लेन-देन का रिकॉर्ड रखने के लिए ऑनलाइन बिलिंग और अकाउंटिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसे कथित तौर पर विदेश से ऑपरेट किया जा रहा था।

## बर्तन गोदाम में आग, लाखों का नुकसान

**धमतरी,25 अप्रैल।** जिले के ग्राम रत्नाबांधा स्थित एक बर्तन गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और दूर-दूर तक धुएं का घना गुबार दिखाई देने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय स्थानीय लोगों ने गोदाम से अचानक धुआं उठते देखा। पहले तो लोगों ने इसे सामान्य घटना समझा, लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें इतनी तेज थीं कि लगभग 5 किलोमीटर दूर से भी धुएं का काला गुबार साफ नजर आ रहा था। स्थानीय लोगों ने तुरंत गोदाम मालिक को सूचना दी। गोदाम मालिक मौके पर पहुंचे और तत्काल दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में नए ड्रम, स्टील और एल्यूमिनियम के बर्तन सहित अन्य घरेलू उपयोग की सामग्री रखी हुई थी। आग लगने के बाद अधिकांश सामान इसकी चपेट में आ गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गोदाम के भीतर ज्वलनशील सामग्री अधिक होने के कारण आग तेजी से फैलती रही। कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद भी आग को पूरी तरह नियंत्रित करने में समय लगा। फिलहाल आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी के चलते यह हादसा हुआ हो सकता है। पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि आर्थिक नुकसान काफी बड़ा बताया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि आग पूरी तरह बुझने के बाद ही वास्तविक नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में गोदामों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पालन बेहद जरूरी हो गया है। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## गाड़ी साइड देने के विवाद पर कुलसचिव से मारपीट

**बिलासपुर,25 अप्रैल।** तोरवा क्षेत्र में रोड रेज की एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहाँ अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. तरणीश गौतम के साथ मारपीट की गई है। इस घटना के बाद से विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों में भारी आक्रोश है।

बताया जा रहा है कि यह विवाद गुरुवार सुबह तब शुरू हुआ जब डॉ. गौतम विश्वविद्यालय जा रहे थे। रास्ते में फॉर्च्यूनर सवार कुछ युवकों के साथ गाड़ी को साइड देने को लेकर बहस हो गई।बहस इतनी बढ़ गई कि युवकों ने डॉ. गौतम की गाड़ी को ओवरटेक करके रुकवाया। उन्होंने उनके साथ गाली-गलौज की और उनका कॉलर पकड़कर उन्हें थप्पड़ मार दिया।पूरी घटना तोरवा क्षेत्र में स्वास्तिक हॉस्पिटल के सामने की है घटना के तुरंत बाद डॉ. तरणीश गौतम ने तोरवा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर (FIR) दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### जिला यातायात प्रभारी पुष्पेंद्र ने की दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील



**कवर्धा 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिला यातायात प्रभारी पुष्पेंद्र बेहतर एवं सुंदर यातायात व्यवस्था दूरस्थ करने के लिए बेहतर मॉनिटरिंग देखे जा रहे है । यात्री प्रतीक्षालय के आसपास से दुकानें हटाई गई जिससे की महिलाओं या बुजुर्गो को धूप में कोई दिक्कत ना हो । महिलाओं के लिए यात्री प्रतीक्षालय के आसपास शौचालय बने ओर पौधा रोपण की शुरुवात हो साथ ही कालेज छात्र छात्राएं हेलमेट पहने ओर जिला वासी भी दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने जिसके लिए रूपरेखा तैयार कर रहे है । कबीरधाम जिला यातायात प्रभारी पुष्पेंद्र ने जिले वासियों से विनम्र अपील की दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने क्योंकि हेलमेट आपके लिए सुरक्षा कवच है । नशा करके गाड़ी ना चलाए ओर ज्यादा तेज गति में भी वाहन चालक गाड़ी ना चलाए ओर यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन हमेशा करे । चौक चौराहों पर यातायात सुरक्षा और हेलमेट जागरूकता बैनर बोर्ड लगाए जायेगे जिससे की अधिक से अधिक लोगों में यातायात सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता आए ।

### हुड़दंगियों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई की



**भिलाई 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हुड़दंगियों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई की शाम 6 से रात 12 बजे तक चले विशेष चेकिंग अभियान में पुलिस ने ऐसे 52 एसयूवी और लग्जरी कार चालकों की धरपकड़ की। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों से लेकर ब्लैक फिल्म और प्रेशर हॉर्न का शौक पालने वालों के चालान काटे गए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि लापरवाही और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह स्पेशल चेकिंग आगे भी जारी रहेगी उन्होंने बताया, अभियान के दौरान सिक्कि सेंटर, सूर्या मॉल चौक, जुनवानी चौक, रिसाली मार्केट एवं जेल तिराहा में विशेष चेकिंग पॉइंट स्थापित कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले एसयूवी एवं अन्य लग्जरी 52 वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की 16 चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए गए, जिन पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### मवेशियों का अवैध परिवहन करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के मवेशियों का अवैध परिवहन करने वाले चार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनके पास से 6 मवेशी और पिकअप वाहन को जब्त किया गया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेंन्द्र पठारे ने बताया कि चिखली चौक में पिकअप वाहन सीजी 5 डी 1007 को रोककर जांच की गई पूछताछ एवं निरीक्षण के दौरान वाहन में 6 मवेशियों का बिना चारा-पानी के परिवहन किया जा रहा था। पूछताछ करने पर अपना नाम मुंडीवाड़ा वार्ड 10, थाना कटंगी, जिला बालाघाट एमपी निवासी निर्मल मनेश्वर, घोपटोला मुंडीवाड़ा, थाना कटंगी, जिला बालाघाट तुलसीराम नागेश्वर, घोपटोला मुंडीवाड़ा, थाना कटंगी, जिला बालाघाट जयपाल नागेश्वर, बोरीखुर्द, थाना अरी, जिला सिवनी भगतराम खरे होना बताया है। पुलिस आरोपियों से पिकअप वाहन 1.50 लाख, 6 नग मवेशी 82 हजार है। सामानों की कीमत 2.32 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 (1) (घ) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पंचायती राज दिवस पर संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति किया जागरूक

**दुर्ग, 25 अप्रैल।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ), दुर्ग द्वारा आज 24 अप्रैल को पाटन विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों खम्हरिया एवं पाहंदा (अ) में संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक श्री मनीष कुमार वर्मा ने खाद की कमी होने पर घबराने के बजाय आगामी खरीफसीजन में धान की खेती के लिए विकल्प सुझाए। उन्होंने बताया कि किसान पारम्परिक खाद के जगह नैनों यूरिया, नैनो डी.ए.पी, नील हरित काई, पी.एस.बी., के.एस.बी. जेड.एस.बी., एजोस्पाईरिलम का उपयोग कर सकते है।

# नगर निगम की टीम ने हटाए अतिक्रमण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने तथा अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए नगर निगम द्वारा समय समय पर निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा करने तथा अतिक्रमण कर ठेला खोमचा व पसरा लगाने, नाली के उपर अतिक्रमण करने तथा मलमा रखने वालो को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता सुनियोजित अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। टीम के द्वारा दुकान का समान अंदर रखने, अतिरिक्त लगे शेड हटाने समझाईस दी जा रही है। इसी कडी मे अतिक्रमण दस्ता ममता नगर, ठा.प्यारेलाल स्कूल के बाजू से अतिक्रमण एवं कलेक्ट्रेड के पास से ठेला हटाने की कार्यवाही किए।

यातायात बाधित होने से दुर्घटना की संभावना तथा साफ सफाई में अवरोध को ध्यान में रखकर एवं आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व शहर को साफ एवं व्यवस्थित रखने के दृष्टिकोण से निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में अतिक्रमण दस्ता शहर के विभिन्न स्थानों में निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर अतिक्रमण स्थल मे जाकर हटाने समझाईस देने के साथ साथ नही हटाने पर कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत ममता नगर गली नं. 5 के पास दुकान के बाहर रोड में लगे सीडी को हटाया गया, इसी प्रकार ठा.प्यारेलाल स्कूल के बाजू रखे शामियाना समान हटाने के साथ साथ कलेक्ट्रेड के बाजू से ठेला हटाने की कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने सहयोग करने नागरिको एवं व्यापारियो से अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसी प्रकार सडक में मलमा या मटेरियल रखने से गंदगी फैलती है। उन्होने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जावेगा।

## प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत

# क्षेत्र में पक्की सड़कों का निर्माण होने से ग्रामीणों की जिंदगी में आया बड़ा बदलाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 अप्रैल।** कभी कठिन पहाड़ी रास्तों और संसाधनों की कमी से जूझने वाला कबीरधाम जिले का सुदूर वनांचल क्षेत्र का ग्राम चाऊरडोंगरी आज विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत यहां पक्की सड़कों का निर्माण होने से ग्रामीणों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग द्वारा अमनिया बांगर रोड राहीडांड से चाऊरडोंगरी तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत 1.74 करोड़ रूपये है। यह सड़क पहाड़ों की कटिंग कर तैयार की गई है, जिससे यह क्षेत्र दुर्गम और पहुँचविहीन नहीं रहा गया है और बारहमासी पक्की सड़क से जुड़ चुका है।पहाड़ के ऊपर बसे इस गांव तक पहले पहुंचना बेहद कठिन था। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे। लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के सामान लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। बीमार पड़ने पर समय पर उपचार मिल पाना भी मुश्किल था। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। सड़क बनने से अब गांव तक आवागमन आसान हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले चाऊरडोंगरी से कुई और पंडरिया तक जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं था। आवश्यक सामग्री लाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सड़क बनने से उनकी परेशानी काफी हद तक दूर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव में स्वास्थ्य सेवाएं भी आसानी से पहुंच रही हैं। पहले जहां मरीजों को अन्य साधनों से ले जाना पड़ता था, वहीं अब वाहन सीधे गांव तक पहुंच रहे हैं। इससे समय पर इलाज मिलना संभव हो पाया है।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे तेजी से विकास कार्यों और मिल रही मूलभूत सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि पहले जहां उनका गांव सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, वहीं अब सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि अब शासकीय योजनाओं का लाभ भी सीधे गांव तक पहुंच रहा है। पहले जहां छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

# आयुक्त ने औचक निरीक्षण कर पर्यावरण और कचरा प्रबंधन करने दिए सख्त निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 अप्रैल।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विभिन्न एसएलआरएम सेंटरों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन सेंटरों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वहां तत्काल संचालन शुरू किया जाए, ताकि शहर के कचरे का समय पर और व्यवस्थित निपटान सुनिश्चित हो सके। आयुक्त ने कहा कि बेहतर कचरा प्रबंधन से न सिर्फ शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी मिलेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निगम मुख्य कार्यालय परिसर में स्थित बायोगैस प्लांट के दस्तावेजों का अवलोकन कर उसे जल्द पुनः शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि जैविक कचरे का उपयोग बढ़ाया जा सके और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। इसके अलावा, मुख्य कार्यालय स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत और संधारण कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस निरीक्षण को शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, नितेश मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 25 अप्रैल।** सुपेला थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 5 बाइक और 1 स्कूटर सहित कुल 6 चोरी के वाहन बरामद कर जब्त किए हैं पुलिस के अनुसार, मदर टेरेसा नगर कैंप-01 निवासी सुखदेव पाण्डेय ने 1 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर 2025 को नेहरू नगर स्थित अटल प्रतिमा के पास से उनकी बाइक चोरी हो गई थी। मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई 24 अप्रैल को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लक्ष्मी नगर, सुपेला क्षेत्र में संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने शहर के अलग-अलग स्थानों से संगठित तरीके से बाइक चोरी करना स्वीकार किया इस के बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास गौठान क्षेत्र की झाड़ियों से चोरी के 6 वाहन बरामद किए सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में हर्ष साहू, गजानंद यादव, देवेंद्र यादव और अजय पटेल शामिल हैं, जबकि एक नाबालिग भी गिरोह में संलिप्त पाया गया। सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) और 112 (2) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस अन्य मामलों में भी आरोपियों की संलिप्तता की जांच कर रही है।




## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आयोजित

# राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देना हम सबका कर्तव्य : पवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 25 अप्रैल ।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 152वीं तिमाही समीक्षा बैठक कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समस्त कार्यपालक निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधकगण सहित महाप्रबंधक प्रभारी जे.एन. ठाकुर, महाप्रबंधक प्रभारी (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन व जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा) राजीव कुमार, महाप्रबंधक सौमिक डे तथा ऑनलाइन माध्यम से संयंत्र के सभी विभाग प्रमुख व समस्त विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार एवं महाप्रबंधक प्रभारी जे.एन. ठाकुर का स्वागत किया। राजीव कुमार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को वर्ष 2024-25 के लिए नराकास राजभाषा, सम्मान तृतीय पुरस्कार प्राप्ति की बधाई दी। इस अवसर पर पवन कुमार द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र की हिंदी गृह पत्रिका भिलाई भाषा भारती के संयंत्र विशेषांक तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका महानदी के ऑपरेशन सिंदूर विशेषांक के ई-संस्करण का फ़्लिप-बुक के रूप में विमोचन किया गया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि, हिंदी में कार्य करने में प्रत्येक कार्मिक की भागीदारी सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। बैठक का संचालन उप प्रबंधक (जनसंपर्क) सुश्री शालिनी चौरसिया ने किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने विगत बैठक की कार्यसूची का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# अगले 48 घंटों में बढ़ेगा तापमान, कई इलाकों में लू का अलर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अप्रैल।** आने वाले दिनों में गर्मी का असर और तेज होने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद आगामी तीन दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। एक-दो स्थानों पर 25 से 27 अप्रैल तक ग्रीष्म लहर लू चलने की संभावना जताई गई है। मौसम शुष्क रहने का अनुमान है, जिससे गर्मी का असर और ज्यादा महसूस होगा। मौसम प्रणाली की बात करें तो पूर्वी विदर्भ से तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु होते हुए कोमोरिन क्षेत्र तक समुद्र तल से लगभग 0.9 किमी ऊपर एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी बांग्लादेश से गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, दक्षिण-पूर्व झारखंड और उत्तरी आंतरिक ओडिशा तक भी 0.9 किमी ऊंचाई पर एक अन्य द्रोणिका सक्रिय है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू के हालात बन सकते हैं। वहीं अगले दो दिनों के बाद कुछ स्थानों पर बहुत हल्की बारिश, गरज-चमक और वज्रपात के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# नाली पर बने अवैध रैम्प जेसीबी से हटाए तो राहगीरों को मिली राहत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अप्रैल ।** जोन-02 वैशाली नगर क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी से रैम्प और अन्य निर्माण ध्वस्त कर दिए। यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों की शिकायत के बाद की गई। मिली जानकारी के अनुसार, जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि कुछ लोगों ने अपने घरों के सामने वाहनों की आवाजाही के लिए नाली के ऊपर रैम्प बना लिए हैं। इससे गली संकरी हो गई थी और आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी।निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-2 के राजस्व विभाग और बेदखली की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद टीम ने पंचनामा तैयार कर जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को हटाया। कार्रवाई के दौरान संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी भी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

# हज यात्रियों का इस्तकबाल कर दुआओं के साथ दी गई विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 25 अप्रैल ।** सेक्टर-6 स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद हज पर रवाना होने वाले हुज्जाजे किराम का भव्य इस्तकबाल किया गया। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में हज यात्रियों का गुलपोशी और इत्र की खुशबू के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद नमाजियों ने जायरीनों को गले मिलकर मुबारकबाद दी। मस्जिद के इमाम हाफिज इकबाल अंजुम ने सभी हज यात्रियों की ओर से लोगों से दुआ की अपील करते हुए कहा कि अगर किसी से कोई गलती हुई हो तो अल्लाह की रज़ा के लिए एक-दूसरे को माफ कर दें। उन्होंने हज यात्रा की आसानी और कबूलियत के लिए खास दुआ भी कराई। हज पर जाने वाले यात्रियों ने भी नम्रता के साथ अपनी पिछली गलतियों के लिए माफी मांगी और अवाम से अपने हक में दुआ करने की गुजारिश की। नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर एम. आसिम बेग ने बताया कि इस वर्ष भिलाई से 80 से अधिक लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं। ये यात्री नागपुर, हैदराबाद और मुंबई एयरपोर्ट से रवाना होंगे, जबकि कुछ लोग फ्लाइट की तारीख बदलने के कारण पहले ही सफर पर निकल चुके हैं।

### ओबीसी कांग्रेस एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में शामिल हुए विधायक देवेंद्र

**भिलाई, 25 अप्रैल ।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय ओबीसी कांग्रेस एडवाइजरी कौंसिल की इंदिरा भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी जिसमें भिलाई विधायक देवेंद्र यादव भी शामिल हुए।



# सयंत्रो में दुर्घटनाओं में कमी लाने होगा सेफ्टी ड्रिल, कमियों को करना होगा दूर

■ स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार पर जोर

■ कलेक्टर ने सीएसआर की बैठक में दिये जरुरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,25 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व( सीएसआर ) के तहत समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न सयंत्रो के यूनिट हेड एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सी एस आर मद के तहत प्रत्येक संयन्त्र को जिला प्रसाद को मिलने वाली राशि, कार्य एवं आगामी कार्य योजना पर विस्तृत समीक्षा करते हुए जरुरी निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सीमेंट एवं अन्य सयंत्रो में दुर्घटना के कारण जनहानि को गंभीरता से लेते हुए इस पर रोक एवं दुर्घटना में कमी लाने सभी सयंत्रो में आगामी 1 मई तक सेफ्टी ड्रिल पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेफ्टी ड्रिल मे उन कमियों को दूर करें जिससे दुर्घटना होने क़ी आशंका हो।इसके साथ ही सुरक्षा उपाय के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने सभी सयंत्र परिसर के 3 से 5 किलोमीटर क़ी परिधि को साफ एवं स्वच्छ रखने, हरियालीयुक्त बनाने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर श्री शर्मा ने सयंत्रो में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने 'हम होंगे कामयाब' के तहत आवश्यक कार्ययोजना बनाने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि वेब पोर्टल डेवलप किया जाय जिसमें जिला प्रशासन के साथ सयंत्रो का भी आई हो। सयंत्र अपने आवश्यकता के अनुसार इसमें जानकारी अपडेट कर सकें एवं युवा इस पोर्टल से अपनी योग्यता अनुसार प्रशिक्षण, रोजगार के लिये आवेदन कर सकें।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष लगभग 2 हजार युवाओं का प्रशिक्षण व रोजगार के लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने जेईई एवं नीट क़ी कोचिंग सुविधा के लिये प्रथम चरण में 40 बच्चों का चयन कर शुरू करने कहा।

## एक नजर

### आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों में जीराबाई वर्मा पति कृपाराम वर्मा, निवासी ग्राम पासिद, तहसील भाटापारा, सुखदेव ध्रुव पिता विश्राम ध्रुव, निवासी ग्राम निपनिया, तहसील भाटापारा, सोभीत राम देवदास पिता रेखाराम देवदास, निवासी ग्राम अमलीडीह, तहसील भाटापारा एवं राजेश ध्रुव पिता मोतीराम ध्रुव, निवासी ग्राम टेहका,तहसील भाटापारा शामिल है। पीड़ितों के निकट परिजनों के शिवनाथ नदी, तालाब, डबरी के पानी में डूबने एवं अत्यधिक बारिश होने से घर के दीवाल गिरने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन 11 जनवरी 27 तक किया जाएगा

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष का आयोजन 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक किया जा रहा है। इस अवधि के लिये एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्स्व के रूप में केन्द्र और राज्य सरकार क़ी समन्वित भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में 11 मई 2026 को सोमनाथ में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।जिले में मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण और सभाओ के आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वर्षव्यापी कार्यक्रम अंतर्गत तीर्थ यात्रियों और श्रद्धालुओं क़ी भागीदारी एवं गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत, ब्लॉक और तहसीलो में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।विद्यालय,महाविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

### लाखों के गांजा के साथ मोहित उर्फ मोंटू मालेकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**डोंगरगढ़ 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूखे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी करते एक आरोपी सहित एक नाबालिक बालक को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।पुलिस से प्राप्त जानकारी में उल्लेख है कि 23 अप्रैल गुरुवार को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर जेल रोड चौथना मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी मोहित उर्फ मोंटू मालेकर पिता राधेलाल मालेकर उम्र 35 निवासी जेल रोड वार्ड 21 डोंगरगढ़ एवं विधि से संघर्षरत बालक उम्र 16 साल निवासी ग्राम मेढा थाना डोंगरगढ़ को मोटरसाइकिल से गांजा परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 610 किलोग्राम गांजा एवं मोटरसाइकिल जप्त कर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में धारा 25 आर्म्स एक्ट, 294, 506 भादवि। धारा 380, 511, 427, 457, 34 भादवि एवं लोक संपत्ति अधिनियम। धारा 294, 323, 506, 34 भादवि। धारा 294, 323, 506 भादवि। धारा 452, 294, 323, 506, 427, 34 भादवि। धारा 394, 397 भादवि। धारा 341, 294, 323, 506, 324, 34 भादवि। धारा 20(बी) NDPS एक्ट। अपराध क्रमांक 626/2023 – धारा 392 भादवि। धारा 296, 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस के निम्न प्रकरण दर्ज है। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) सुमन जायसवाल, निरीक्षक संतोष जायसवाल, स.उ.नि. धनलाल सिन्हा तथा आरक्षक युगेंद्र देशमुख, अविलेश, महेश कुर्रे, राम खिलावन सिन्हा, मिथलेश पटेल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### राजगामी न्यास संपदा के अध्यक्ष पद पर पूर्णिमा साहू की नियुक्ति साहू समाज ने दी बधाई

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं जिला साहू संघ में विभिन्न पदों पर रहकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने वाली श्रीमती पूर्णिमा साहू को राजगामी न्यास संपदा राजनांदगांव का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर साहू समाज में हर्ष का वातावरण है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू का संदेश लेकर रेवाडीह स्थित निवास पहुंचकर श्रीमती पूर्णिमा साहू को नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पांडे, महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रीमती पूर्णिमा साहू की नियुक्ति कर नारी शक्ति का सम्मान किया गया है।

# पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,25 अप्रैल।** डबल इंजन की हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में गांवों के समग्र विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता से ही गांवों का विकास होगा और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत पंचायत प्रतिनिधि के रूप में की थी तथा पंच और सरपंच के दायित्व का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि के रूप में गांव के विकास को लेकर जो अनुभव प्राप्त होते हैं, वही आगे बढ़ने में सहायक होते हैं। आज हजारों जनप्रतिनिधि पंचायत से अपना सफर शुरू कर देश के उच्च सदनों तक पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने से ही प्रभावी नीतियां बनती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब ग्रामीणों को पक्के मकान मिल रहे हैं, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग, बिजली बिल भुगतान, पेंशन और बीमा जैसी सेवाएं अब ग्रामीणों के लिए सहज हो गई हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। महिलाओं के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से कई पूर्ण हो चुके हैं और इनसे महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि पंचायतों में संचालित सभी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सफल क्रियान्वयन में पंचायतों की जिम्मेदारी बड़ी है और इसे समयबद्ध रूप से पूरा करने में पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन तिहार के आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सुशासन तिहार के आयोजन और इसके माध्यम से अपने क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत लंबित बिजली बिलों के भुगतान के लिए विशेष अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिसमें सरचार्ज पूरी तरह माफ किया गया है और अतिरिक्त रियायत का भी प्रावधान है। श्री साय ने प्रतिनिधियों से इसका लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों को दिलाने की बात कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगी और सभी प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अपील की। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को पंचायत दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त करते हुए विकास कार्यों की लगातार स्वीकृति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की जिम्मेदारी के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों पर सामाजिक जिम्मेदारी भी होती है, जिसका वे बखूबी निर्वहन कर रहे हैं।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट छांव के अंतर्गत आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर और विभिन्न प्रोजेक्ट पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से चर्चा की और आजीविका संवर्धन के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

# चिरायु से नन्हा सात्विक अब सुन सकता है सब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु बच्चों के लिये संजीवनी से कम नहीं है। कई गंभीर रोगों का निःशुल्क ईलाज से जीवन में खुशियां ला रहा है। इसी कड़ी में एक जन्मजात श्रवणबाधित बच्चे क़ी श्रवण क्षमता लौटी जिससे उसके जीवन में मधुर ध्वनि गूंजने लगा। भाटापारा शहर में चिरायु टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 5 वर्षीय बच्चे सात्विक कोसले की पहचान की गई जिसे जन्म से ही सुनने की समस्या थी। इस जन्मजात श्रवणबाधिता का बाद में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सफल कॉक्लियर इंप्लांट किया गया जिससे बच्चे के सुनने की क्षमता विकसित हुई है। बच्चे की मां ममता कोसले ने बताया किउनके दो बच्चे हैं। सात्विक बड़ा बच्चा है जब वह लगभग 3 वर्ष का था तब हमें ज्ञात हुआ कि उसमें यह जन्मजात श्रवणबाधिता है। ऐसे में निजी अस्पतालों में उपचार के बारे में पता करने पर वहां लगभग 6 से 7 लाख का खर्च बताया गया,चूँकि बच्चे के पिता एक निजी संस्थान में काम करते हैं और सामान्य आर्थिक स्थिति है, ऐसे में इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था नहीं कर पाए । जब भाटापारा की चिरायु टीम से संपर्क हुआ तब आगे की प्रक्रिया बढ़ी और आशा जगी कि बच्चे का उपचार हो जाएगा । भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी के अनुसार बच्चे की प्राम्भिक जाँच कर के उसे ऑपरेशन हेतु एम्स रायपुर रेफर किया गया जहाँ पूर्णतः निःशुल्क उपचार किया गया । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि कॉक्लियर इम्प्लांट एक मेडिकल डिवाइस है जो श्रवण बाधिता से ग्रस्त मरीजों को सुनने की क्षमता प्रदान करता है । सर्जरी द्वारा यह कान के पीछे लगाया जाता है । निजी अस्पतालों में यह काफी खर्चीला होता है जबकि चिरायु द्वारा यह निःशुल्क कराया जाता है । चिरायु क़ी मेडिकल टीम द्वारा सतत रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है । इस दौरान किसी बीमारी से पीड़ित बच्चे के उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।

# मुख्य वन संरक्षक ने बारनवापारा अभयारण्य का किया निरीक्षण



■ वन्यजीव संरक्षण, जल उपलब्धता एवं घासभूमि प्रबंधन को सुदृढ़ करने के निर्देश

**बलौदाबाजार, 25 अप्रैल।** मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्र निदेशक, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व, गुरुनाथन एन.ने गुरुवार को बारनवापारा अभयारण्य का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अभयारण्य के विभिन्न प्रबंधन पहलुओं की समीक्षा करते हुए वन्यजीव संरक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की ।

निरीक्षण के दौरान वाइल्ड बफेलो कंजर्वेशन सेंटर का भ्रमण किया गया, जहां जल उपलब्धता को सुदृढ़ करने, क्षेत्र के वैज्ञानिक विस्तार एवं एलीफेंट ट्रेंच प्रूफ निर्माण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही रामपुर चारागाह क्षेत्र का भी निरीक्षण किया जहां ब्लैकबक संरक्षण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

घासभूमि के विकास एवं बेहतर प्रबंधन के लिए विस्तृत योजना तैयार करने, ग्रासलैंड्स के तुलनात्मक वर्गीकरण पर रिपोर्ट तैयार करने, बांस के बीज संग्रहण एवं सीड बॉल गतिविधियों को बढ़ावा देने, हाथी संबंधी रिपोर्ट तैयार करने तथा फ्लाइंग स्क्वॉड को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।अकलतरा ग्राम के निवासियों के साथ बैठक आयोजित कर विस्थापन से संबंधित मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें ग्रामीणों के सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण एवं वैकल्पिक आजीविका सृजन के उपायों पर विचार किया गया। इस दौरान वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर, अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकार, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन साहू, परिक्षेत्र अधिकारी बार सुश्री रूपेश्वरी दीवान, परिक्षेत्र सहायक गीतेश बंजारे सहित संबंधित अधिकारी एवं वनकर्मी उपस्थित रहे।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी के 84 हितग्राहियों को वितरित किए चेक



**रायपुर 25 अप्रैल।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सेवा और समर्पण की अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शुक्रवार को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों के हितग्राहियों को जनसंपर्क निधि से सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

उन्होंने रायपुर दक्षिण, रायपुर उत्तर, रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के 84 लाभार्थियों को कुल 5 लाख रुपये की राशि का वितरण किया गया। जनता की समस्याओं के प्रति सदैव संवेदनशील रहने वाले श्री अग्रवाल ने यह राशि विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, भजन मंडलियों, खिलाड़ियों और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद हेतु जारी की है। इसमें संस्थाओं को आवश्यक सामग्री जुटाने, मंडलियों को वाद्य यंत्र खरीदने, मेधावी छात्रों को शिक्षा शुल्क के भुगतान और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया है। चेक वितरण के दौरान सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शासन और जनसंपर्क निधि के माध्यम से दी जाने वाली यह छोटी सी सहायता राशि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। हितग्राहियों का कहना था कि श्री अग्रवाल न केवल एक जननेता हैं, बल्कि संकट के समय एक अभिभावक की तरह सदैव तत्पर रहते हैं।

# अंग्रेजी विभाग ने मनाई विलियम शेक्सपियर की 462 वीं जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 25 अप्रैल।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अंग्रेजी विभाग में विलियम शेक्सपियर की 462 वीं जन्म वर्षगांठ प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा के मार्गदर्शन में 23 अप्रैल को मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री धनेश सिन्हा, प्राचार्य आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ई वी रेवती ने की ।श्री सिन्हा ने विलियम शेक्सपियर को न सिर्फ इंग्लैंड के नाटककार बताया बल्कि दुनिया में जितनी भी भाषा है उसमें उसके नाटक एवं कविता का अनुवाद होने के कारण विश्व स्तर के नाटककार एवं साहित्यकार बताया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने विलियम शेक्सपियर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 23 अप्रैल 1564 को इंग्लैंड में हुआ था और उनका नामकरण 3 दिन पश्चात 26 अप्रैल 1564 में हुआ साथ ही साथ साहित्य के क्षेत्र में शेक्सपियर का अतुलनीय योगदान होने के कारण 23 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है । इसी प्रकार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ई वी रेवती ने भी विलियम शेक्सपियर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शेक्सपियर के जीवन से सीखने एवं अपने जीवन में आत्मसात करने पर जोर दी।



## प्रभारी प्रबंधक को सौंपा पंजीयन प्रमाण पत्र,समिति अंतर्गत किसानों का नवीन केसीसी बनाने के निर्देश

# कलेक्टर ने पन गांव में नवीन सहकारी समिति का किया निरीक्षण

■ किसानों से क़ी चर्चा, शासन क़ी योजना का लाभ लेने किया प्रोत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 25 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा गुरुवार को बलौदाबाजार विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के दौरा अंतर्गत नवीन प्राथमिक सहकारी समिति पनगांव पहुंचे। उन्होंने नवीन सहकारी समिति बनने पर बधाई दी और प्रभारी प्रबंधक को पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपा।



कलेक्टर ने उपस्थित कर्मचारियों से समिति अंतर्गत आने वाले किसानों क़ी संख्या, पूर्व समिति से शिफ्टिंग आदि क़ी जानकारी ली। उन्होंने समिति अंतर्गत सभी किसानों का नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, माइक्रो एटीएम क़ी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि नवीन समिति बनने पर अब ज़्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां माइक्रो एटीएम क़ी सुविधा जल्द मिलेगी जिससे 20 हजार रुपए तक नक़द राशि निकाल सकेंगे।यहीं से खाद -बीज़ का उठाव भी कर सकेंगे।उन्होंने किसानों को शासन क़ी शून्य प्रतिशत व्याज का लाभ लेने केसीसी बनवाने कहा।

किसानों ने बताया कि पहले यह गांव बिटकुली समिति के अंतर्गत आता था जिससे खाद -बीज व ऋण के लिये वहां जाना पडता था। अब यहां नवीन समिति बनने से यहां सुविधा मिलेगी। बताया गया कि बिटकुली समिति से पनगांव समिति अंतर्गत किसानों का शिफ्टिंग किया जा रहा है। समिति अंतर्गत लगभग 347 किसानो का खाता यहां ट्रांसफर करना है।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, तहसीलदार पेखन टोंड्रे, जिला नोडल अधिकारी ज़ी.एन.साहु साहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# स्वदेश अग्रवाल बने जिला कृषि वस्तु विक्रेता संघ के अध्यक्ष

**राजनांदगांव 25 अप्रैल।** जिले के कृषि व्यापार जगत के लिए यह गर्व और खुशी का अवसर है। जिला कृषि वस्तु विक्रेता संघ ने अनुभवी, कर्मठ और लोकप्रिय व्यापारी नेता श्री स्वदेश अग्रवाल को अपना नया अध्यक्ष चुना है। उनके चयन से जिले के व्यापारिक वर्ग में हर्ष का माहौल है और संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। जिले के कृषि व्यापार क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्री स्वदेश अग्रवाल को जिला कृषि वस्तु विक्रेता संघ का नया अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया जिससे संगठन के सदस्यों में उनके प्रति विश्वास और सम्मान साफदिखाई देता है। श्री अग्रवाल पिछले 10 वर्षों से संघ के सचिव पद पर रहते हुए संगठन को मजबूती देने, व्यापारियों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनके समाधान के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं।

# केजरीवाल ने चला था दांव, फेल हो गया

यह सच है कि राजनीति में आरोपों का बड़ा महत्व होता है। राजनीति में रोज एक राजनीतिक दल के नेता विरोधी दल व उसके नेताओं पर आरोप लगाते रहते हैं। बदले में विरोधी भी आरोप लगाते हैं और राजनीति मे आरोपों की लड़ाई चलती रहती है और ऐसा लगता है कि राजनीति के लोग कुछ कर रहे हैं।राजनीति में प्रतिस्पर्धा चलती रहती है कि तुम्हारी कमीज से मेरी कमीज ज्यादा सफेद है।दाग ज्यादातर राजनीतिक दलों के दामन में लगे रहते हैं लेकिन कोई अपने दामन के दाग नहीं देखता है, वह दूसरे के दामन को दागदार बताता है और वहम मे जीता है कि जनता उसको ज्यादा अच्छा राजनीतिक दल या नेता मानेगी और दूसरे को नकार देगी। राजनीतिक दलों के नेताओं को आरोप लगाने की आदत रहती है और वह इस आदत के कारण कभी कभी राजनीति के बाहर आरोप लगाते हैं उनको मुंह की खानी पड़ती है। आप के संयोजक केजरीवाल ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा पर आदत से मजबूर होकर आरोप लगा दिया कि वह आरएसएस के कार्यक्रमों में जाती हैं,उनके बच्चे सरकारी पैनल में वकील हैं।इसलिए वह उनके मामले में निष्पक्ष न्याय नहीं कर सकती। उऩकी मांग थी उनके लगाए आरोपों के कारण न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा को उनके मामले से हट जाना चाहिय। उनको आशंका है कि वह उनके मामले में निष्पक्ष न्याय नहीं कर सकती। निचली अदालत से केजरीवाल को बरी कर दिए जाने पर सीबीआई ने ऊंची अदालत मे अपील की और पहली सुनवाई में ही अदालत ने साफ कर दिया कि निचली अदालत ने जो फैसला दिया है, वह ठीक नहीं है और वह इसकी सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति शर्मा ने कई मामलों में केजरीवाल के खिलाफ फैसला दिया है, इसलिए केजरीवाल का मामला उनकी अदालत में गया तो केजरीवाल को लगा कि हमेशा की तरह उनके मामले में फैसला उनके खिलाफ ही आएगा। इसलिए उन्होंने न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा को उनके मामले से हटने की मांग की थी और याचिका दायर की थी।माना जाता है कि याची को अधिकार होता है कि वह जज बदलने की मांग करे और उसका कोई ठोस आधार बताये। केजरीवाल को भी अधिकार था लेकिन वह जज को उनके मामले से हटने के लिए कोई ठोस आधार पेश नहीं कर सके महज उन्होंने जो आरोप लगाए हैं, उन आरोपों के आधार पर जज को उनके मामले हट जाना चाहिए ऐसा वह चाहते थे। अगर ऐसा हो जाता तो एक गलत परंपरा होती क्योंकि फिर कोई भी जज पर आरोप लगाता औ चाहता कि जज को उसके मामले को नहीं देखना चाहिए। यानी न्याय के लिए हर कोई फिर अपनी पसंद का जज चुनने लगता।इसी आधार पर न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने केजरीवाल की मांग पर हटने से इंकार कर दिया और केजरीवाल की जज को हटाने वाली याचिका का खारिज कर दिया। जस्टिश शर्मा ने दो टूक कहा कि वह केजरीवाल के मामले से अपने को अलग नही करेंगी।उनका कहना है कि नेता या वादी किसी जज की न्यायिक क्षमता को तय नहीं कर सकता। न ही वादी यह तय कर सकता है कि अदालत कैसे चले,न ही निराधार आरोपों पर जजों का चयन किया जा सकता है।जस्टिस शर्मा का कहना है कि जज का किसी मामले की सुनवाई से हटना कानून से तय होना चाहिए किसी नैरिटिव से नहीं होना चाहिए।उन्होंने कहा है कि व्यक्तिगत आरोपों या सोशल मीडिया के दबाव के कारण जज का हटना न्यायिक स्वतंत्रता के लिए घातक है।जजों की क्षमता उच्चअदालते तय करती हैं, पक्षकार नहीं। उनका यह कहना सही है कि वह चाहती तो चुपचाप हट जाना उनके लिए अन्य जजों की तरह आसान रास्ता होता।पर जब जज की प्रतिष्ठा पर झूठे आरोप लगाकर रोज हमला किया जाए तो जज को न्याय व्यवस्था की बेहतरी के लिए जवाब देना ही होता है। अपनी ड्यूटी करनी होती है।उन्होंने अधिवक्ता परिषद के कार्यक्रम में जाने के विषय में कहा कि ये कार्यक्रम राजनीतिक नहीं कानूनी थे।जजों व वकीलों के बीच कोर्ट के बाहर भी रिश्ता होता है।केजरीवाल ने आरएसएस के कार्यक्रम के बारे में बताया यह नहीं बताया मैं और कौन कौन से कार्यक्रम में गई थी। केजरीवाल की चयनात्मक शैली से उनकी मंशा का पता चलता है। बच्चे सरकारी पैनल हैं इस पर जस्टिस शर्मा का कहना था कि सिर्फ इसी आधार पर जज की न्यायिक निष्पक्षता पर सवाल नहीं उठाया नहीं जा सकता।नेताओं के बच्चे राजनीति में आते है, जजों के बच्चे वकालत करें तो उस पर कैसे सवाल उठाया जा सकता है।

## दृष्टिकोण

# रेल पटरियों का आधुनिकीकरण

**अश्विनीवैष्णव**



भारत में हर दिन 25,000 से अधिक ट्रेनें चलती हैं। वे प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक यात्रियों को ले जाती हैं और कोयला, लौह अयस्क, अनाज, स्टील, सीमेंट तथा अन्य वस्तुओं की बड़ी मात्रा को 1,37,000 किलोमीटर से अधिक लंबे रेल नेटवर्क पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं। पूरी व्यवस्था जिस आधार पर काम करती है, वह रेल पटरी है। जब पटरी अच्छी स्थिति में होती है, तब ट्रेनें सुरक्षित रूप से अधिक गति से चलती हैं। लेकिन जब पटरी खराब होती है, तो इसके परिणाम गति पर रोक, देरी और सुरक्षा संबंधी जोखिम के रूप में सामने आते हैं। रेल की पटरी में दरार, कोई ढीला पुर्जा या गिट्टी की परत में रुकावट, इनमें से कोई भी चीज ट्रेन की चाल को प्रभावित कर सकती है। रेल पटरियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने एक दशक से अधिक समय पहले व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्य में आधुनिक मशीनों से पटरियों का नवीनीकरण, उन्नत तरीकों से जांच और निरीक्षण, मशीनीकृत रखरखाव, सुरक्षा बाड़बंदी आदि शामिल थे। इन सभी प्रयासों ने मिलकर रेल नेटवर्क की स्थिति को स्पष्ट रूप से बदल दिया है। 2014 से अब तक लगभग 55,000 किलोमीटर पटरियों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे सुरक्षा और यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा बार-बार मरम्मत की आवश्यकता कम हुई है। लगभग 44,000 ट्रैक किलोमीटर में 260 मीटर लंबे रेल पैनल बिछाए गए हैं। लंबे पैनलों का अर्थ है कम जोड़, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम और सुरक्षित होती है। अब 80,000 ट्रैक किलोमीटर से अधिक हिस्से में मजबूत 60 किलोग्राम वाली रेल पटरियों का उपयोग हो रहा है, जो अधिक भार और तेज गति का समर्थन करती हैं। मजबूत रेल पटरी बिछाना जरूरी है, लेकिन समय रहते खराबी पकड़ना भी उतना ही जरूरी है। छिपी हुई दरारों को खोजने के लिए अल्ट्रासोनिक जांच की गई है। इसके तहत करीब 36.2 लाख ट्रैक किलोमीटर और 2.25करोड़ वेल्ड की जांच हुई। इससे रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। यानी अब खराबी होने के बाद उसे ठीक करने के बजाय पहले ही पकड़कर रोक लिया जाता है। अब रेलवे में दूसरी आधुनिक जांच तकनीकें भी इस्तेमाल हो रही हैं। नई वेल्ड की जांच के लिए चुंबकीय जांच, फ्लैश-बट वेल्ड की जांच के लिए नई मशीनें और जीपीएस से जुड़ी ऐसी व्यवस्था लगाई गई है, जो ट्रेन की यात्रा की गुणवत्ता मापती है और पटरी के खराब हिस्से की सही जगह बता देती है। भारतीय रेलवे की ट्रैक मशीनों की संख्या 2014 में 748 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,785 हो गई है। ये मशीनें पटरी को ठीक करने, गिट्टी साफ करने और रेल को घिसकर बराबर करने का काम हाथ से होने वाले काम की तुलना में ज्यादा तेज, बेहतर और एक समान तरीके से करती हैं।पटरी के नीचे बिछी गिट्टी की परत को साफ करने में मशीनों ने बड़ा फर्क पैदा किया है। यही गिट्टी पानी निकालने, कंपन कम करने और पटरी को मजबूत बनाए रखने का काम करती है। लेकिन समय के साथ ट्रेनों के लगातार वजन और कंपन से ये पत्थर टूटकर पाउडर जैसे हो जाते हैं। इससे गिट्टी की परत जाम हो जाती है और वह ठीक से काम नहीं कर पाती।

इसलिए गिट्टी की सफाई की जाती है, ताकि पटरी फिर से सही हालत में आ जाए। यह काम एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रेल पटरियों पर किया जा चुका है और ज्यादातर काम मशीनों से हुआ है। इसी तरह पटरी की ऊपरी सतह की खराबी दूर करने के लिए भी एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रेल की ग्राइंडिंग की गई है। इससे ट्रेन का सफर ज्यादा आरामदायक और सुरक्षित हुआ है। हर साल ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए ट्रेनों के बीच रखरखाव के लिए मिलने वाला समय कम होता जा रहा है। ऐसे में मशीनों की मदद से कम समय में ज्यादा काम हो जाता है और ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित नहीं होतीं। लेकिन सुरक्षा सिर्फ पटरी पर नहीं, बल्कि वहां भी जरूरी है जहां ट्रेनें लाइन बदलती हैं। इसलिए भारतीय रेलवे ने पटरी बदलने के साथ कई दूसरे सुधार भी किए हैं। करीब 17,500 किलोमीटर तक सुरक्षा के लिए बाड़ लगाई गई है, खासकर उन जगहों पर जहां ट्रेनें 110 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से चलती हैं। इससे लोगों और जानवरों के पटरी पर आने की घटनाएं कम होती हैं। जहां ट्रेनें एक लाइन से दूसरी लाइन पर जाती हैं, वहां 36,000 नए और मजबूत स्विच लगाए गए हैं और 7,500 खास तरह के क्रॉसिंग लगाए गए हैं। ये ज्यादा समय तक चलते हैं और ट्रेन को बिना झटके के गुजरने देते हैं। 2019 से चौड़े और भारी स्लीपर लगाए जा रहे हैं, जिससे पटरी ज्यादा मजबूत रहती है, खासकर गर्मियों में। पुलों पर भी मजबूत स्लीपर लगाए गए हैं और यार्ड के अंदर लंबी वेल्ड वाली पटरियां बिछाई गई हैं। इससे पूरा रेलवे नेटवर्क और मजबूत हुआ है रेल पटरियों के आधुनिकीकरण का सबसे साफ असर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने की क्षमता के रूप में दिखाई देता है। 130 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार के लिए तैयार रेल पटरी का हिस्सा पहले सिर्फ 6 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर करीब 23 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह 110 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार वाली पटरी पहले करीब 40 प्रतिशत थी, जो अब 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इससे सफर का समय कम हुआ है, ट्रेनें ज्यादा समय पर चल रही हैं और वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी तेज ट्रेनें चलाना आसान हुआ है। इन सुधारों का असर सुरक्षा पर भी दिखा है। 2014-15 में 135 बड़े रेल हादसे हुए थे, लेकिन 2025-26 में यह संख्या घटकर सिर्फ 16 रह गई। यानी हादसे लगभग 89 प्रतिशत कम हो गए। हर 10 लाख किलोमीटर चलने वाली ट्रेनों पर हादसों की दर भी 0.11 से घटकर 0.01 हो गई है। यह लगभग 90 प्रतिशत सुधार है। खास बात यह है कि ट्रेनों और यात्रियों की संख्या बढ़ने के बावजूद हादसे कम हुए हैं। अब रेलवे ने एक नई ऑनलाइन व्यवस्था भी शुरू की है, जिसे ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम(टीएमएस) कहा जाता है। इसमें पटरी की जांच, ट्रेन के सफर की गुणवत्ता और पटरी की हालत से जुड़ी सारी जानकारी एक जगह मिल जाती है। इससे रेलवे को जल्दी समझ आ जाता है कि कहां काम करने की जरूरत है और समय रहते सुधार किया जा सकता है। बारह साल पहले भारत की 60 प्रतिशत रेल पटरियां 110 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रफ्तार तक ही सीमित थीं। रेल पटरी टूटने की घटनाएं आम थीं और ज्यादातर रखरखाव हाथ से किया जाता था। आज स्थिति बदल चुकी है। अब करीब 80 प्रतिशत रेल नेटवर्क 110 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार संभाल सकता है। रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं और करीब 1,800 ट्रैक मशीनें काम कर रही हैं। लाखों यात्रियों और रेल माल ढुलाई पर निर्भर कारोबारों के लिए इन बदलावों का बड़ा असर पड़ा है। अब सफर ज्यादा आरामदायक हुआ है, यात्रा का समय कम हुआ है और रेलवे नेटवर्क पहले से ज्यादा भरोसेमंद बना है। काम अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन अब तक हुई प्रगति यह दिखाती है कि लगातार मेहनत और निवेश से कितना बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों में फाइनेंस का ध्यान जरूर रखें। आज व्यवसायियों के साथ चल रही प्रतिस्पर्धा से दूर रहें। आज नौकरी कर रहे लोगों को कार्यभार की अधिकता की वजह से व्यस्तता रहेगी और अतिरिक्त समय भी देना पड़ेगा। आपके उत्तम व्यक्तित्व और व्यवहार कुशलता की वजह से सामाजिक गतिविधियों में आपकी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सकारात्मक विचारधारा वाले लोगों के संपर्क में रहने का अवसर मिलेगा। आज अपनी मूल्यवान वस्तुओं को बहुत संभालकर रखें,साथ ही अनावश्यक बढ़ते खर्चों पर भी अंकुश लगाएं। आज छात्रों को अपने करियर संबंधी चिंता रहेगी। अधिकतर व्यावसायिक काम समय पर निपट जाएंगे। परंतु कार्यभार की अधिकता अभी बनी रहेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज शुभ समाचार मिलेगा और खास काम बन जाने से मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा और सफलता भी हासिल होगी। किसी प्रकार की प्रॉपर्टी संबंधी अगर मामला रुका हुआ है, आज उस पर ध्यान केंद्रित करें। आज सफलता पाने के लिए बहुत अधिक मेहनत की भी जरूरत है। दूसरों की बातों पर विश्वास ना करके अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे तो आपका काम बन जायेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी विशेष प्रयोजन को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहेंगेऔर काफी हद तक सफल भी रहेंगे। आज घर में नवीन वस्तु की खरीदारी भी संभव है। साथ ही निकट संबंधियों की भी आवाजाही बनी रहेगी। आज मन मुताबिक तरीके से काम ना बनने पर थोड़ी उलझन होगी। आज अचानक कुछ खर्चे सामने आएंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके प्रयासों से परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। लेकिन सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर विचार अवश्य करें। आज विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई और करियर से संबंधित गतिविधियों को लेकर गंभीर रहेंगे। अपरिचित लोगों पर बिल्कुल भी भरोसा ना करें। व्यवसाय में वर्तमान गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस में निजी कामों के कारण बिजनेस में लापरवाही न करें। हर काम योजना बनाकर पूरा करने की कोशिश करें। नौकरी कर रहे लोग को काम की अधिकता की वजह से ऑफिस ससे घर पहुंचने में देर होगी। आज आपको खास उपलब्धि मिलने वाली है इसलिए व्यवस्थित दिनचर्या बनाएं और अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। छात्रों को अपनी पढ़ाई और करियर को लेकर की गई मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

तुला राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में आकर निर्णय लेने से बचे। आज वाद-विवाद की स्थिति से दूर रहें। किसी भी तरह के लेनदेन करने के लिए पहले चीजों को अच्छे से समझ लें। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान देंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपके द्वारा कई तरह की गतिविधियां होने वाली है। अपनी दिनचर्या और व्यक्तित्व के प्रति जागरूक रहें। आज आपको आय के कई मौके मिलने वाले है। इस मौके को हाथ से ना जाने दें। अपनी योजनाओं को गोपनीय तरीके से शुरू करेंगे। किसी काम में अनुरूप परिणाम न मिलने से थोड़े परेशान होंगे लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आने वाले समय में आपको अपनी मेहनत के उचित प्रणाम अवश्य हासिल होंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा रिजल्ट आयेगा। आज किसी समस्या का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। जिससे आप अपने आपको पुनः ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। इस समय अपने महत्वपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता पर रखें। क्योंकि घर में संबंधियों के आगमन से आपके कुछ महत्वपूर्ण काम रुक सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लेंगे और आगे बढ़ेंगे। इस तरह की गई कोशिश से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा और रिश्ते में भी मधुरता बढ़ेगी। आज आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत भी करेंगे। घर में मांगलिक कार्य संबंधी योजना भी बनेगी। आज बड़े लोगों के मार्गदर्शन और सलाह पर जरूर अमल करेंगे। उनका सहयोग आपके लिए प्रेरणादायक रहेगा। बेवजह की बाहरी गतिविधियों में अपना समय नष्ट ना करें।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपके उचित सहयोग और व्यवस्थित रहने से घर और व्यवसाय दोनों जगह शांत वातावरण बना रहेगा। नजदीकी यात्रा भी संभव है जो की लाभदायक रहेगी। रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ भी कुछ समय बिताने से रिश्ते में मजबूती आएगी। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। साथ घर के जरूरत का सामान खरीदेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आज आपके रुके हुए कार्य पूरे हो जायेंगे।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका व्यक्तिगत कार्य संपन्न होने वाला है। सामाजिक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति जरूर रखें। साथ ही अनुभवी और सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ में रहे। इससे आपका विचार शैली में नयापन आएगा। आज बेवजह की गतिविधियों में समय नष्ट ना करें। व्यापार में आज आपको अच्छा लाभ होने वाला हैं। महिलाएं आज घर का काम जल्द पूरा करने में सफल होंगी।

## सू- दोकू क्र.019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.018 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -019

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 018 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## राजनीति

# पश्चिम बंगाल चुनाव में साइलेंट वोटर के प्रभाव की चर्चा

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से ही तीव्र भावनाओं,जटिल सामाजिक समीकरणों और उच्च स्तर की जनभागीदारी के लिए जानी जाती रही है,लेकिन 23 अप्रैल 2026 को हुए मतदान और 24 अप्रैल 2026 को सामने आए पहले चरण के मतदान के आंकड़ों ने इस परंपरा को एक नए शिखर पर पहुंचा दिया है। लगभग 93 प्रतिशत औसत मतदान और कई विधानसभा क्षेत्रों में 98 प्रतिशत से अधिक मतदान केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक ऊर्जा,राजनीतिक ध्रुवीकरण और मतदाताओं की असाधारण सक्रियता का संकेतक है।इस अभूतपूर्व मतदान ने न केवल राज्य के भीतर राजनीतिक समीकरणों को हिला दिया है,बल्कि राष्ट्रीय स्तरपर भी चुनावी विश्लेषकों, राजनीतिक दलों और नीति निर्माताओं के बीच गहन चर्चा को जन्म दिया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सबसे पहले इस रिकॉर्ड मतदान के स्वरूप को समझना आवश्यक है।2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लगभग 83.2 प्रतिशत मतदान हुआ था,जिसे उस समय भी उच्च माना गया था। इसके मुकाबले 2026 में करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि केवल प्राकृतिक उतार-चढ़ाव नहीं मानी जा सकती।यह वृद्धि संकेत देती है कि इसबार क़ा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन या सत्ता बनाए रखने का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह मतदाताओं के लिए पहचान,सुरक्षा विकास और राजनीतिक भविष्य से जुड़ा व्यापक जनमत संग्रह बन चुका है। जब मतदान प्रतिशत 90 के पार जाता है, तो आमतौर पर यह माना जाता है कि समाज के वे वर्ग भी मतदान में शामिल हुए हैं, जो सामान्यतः निष्क्रिय रहते हैं। साथियों बात अगर हम इस बढ़ी हुई भागीदारी के पीछे कई कारक काम कर रहे हैं इसको समझने की करें तो पहला और सबसे महत्वपूर्ण है राजनीतिक ध्रुवीकरण। पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से वैचारिक और सामाजिक विभाजन तीखा हुआ है, उसने मतदाताओं को निष्क्रिय रहने की गुंजाइश नहीं छोड़ी। दूसरा कारक है महिला मतदाताओं की अभूतपूर्व भागीदारी। रिपोर्ट्स के अनुसार कई क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा,जो यह संकेत देता है कि कल्याणकारी योजनाएं, सुरक्षा का मुद्दा और सामाजिक सम्मान जैसे विषय निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। तीसरा महत्वपूर्ण तत्व है प्रशासनिक सख्ती और सुरक्षा व्यवस्था,जिसे इलेक्शन कमिशन ऑफ़ इंडिया ने लागू किया। केंद्रीय बलों की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और बूथ स्तर पर पारदर्शिता ने मतदाताओं में विश्वास बढ़ाया।अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस बंपर मतदान का राजनीतिक लाभ किसे मिल सकता है। पारंपरिक चुनावी विश्लेषण कहता है कि जब मतदान प्रतिशत बढ़ता है, तो यह अक्सर सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) का संकेत होता है। इसका कारण यह है कि असंतुष्ट मतदाता अधिक संख्या में मतदान के लिए बाहर निकलते हैं। यदि इस



सिद्धांत को लागू किया जाए, तो विपक्षी दलों को इसका लाभ मिल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल का राजनीतिक परिदृश्य इतना सरल नहीं है। यहां सत्तारूढ़ दल की जमीनी पकड़, संगठनात्मक ताकत और लाभार्थी योजनाओं का प्रभाव भी सटीक रूप से अत्यंत गहरा है। साथियों बात अगर हम इसको उदाहरण के रूप में समझने की करें तो उदाहरण के लिए, यदि ग्रामीण क्षेत्रों और महिला मतदाताओं में वृद्धि अधिक है, तो इसका लाभ सत्तारूढ़ दल को मिल सकता है,क्योंकि ये वर्ग अक्सर सरकारी योजनाओं से सीधे प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर, यदि शहरी क्षेत्रों, युवा मतदाताओं और पहली बार वोट देने वालों की भागीदारी में अधिक वृद्धि हुई है, तो यह विपक्ष के पक्ष में जा सकता है, क्योंकि ये वर्ग परिवर्तन की मांग अधिक करते हैं। इस प्रकार, केवल उच्च मतदान प्रतिशत को देखकर किसी एक पार्टी के पक्ष में निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।क्षेत्रीय विश्लेषण भी बेहद महत्वपूर्ण है। मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर दिनाजपुर जैसे मुस्लिम बहुल जिलों में उच्च मतदान यह संकेत दे सकता है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने रणनीतिक रूप से मतदान किया है। यह मतदान किस दिशा में गया, यह परिणामों में स्पष्ट होगा, लेकिन यह तय है कि इन क्षेत्रों का प्रभाव कई सीटों पर निर्णायक रहेगा। दूसरी ओर,दार्जिलिंग और जलपाईगुड़ी जैसे उत्तर बंगाल के क्षेत्रों में उच्च मतदान क्षेत्रीय मुद्दों,पहचान कीराजनीति और विकास के सवालों को प्रमुखता देता है।इस चुनाव में साइलेंट वोटर का प्रभाव भी चर्चा का विषय है। ये वे मतदाता होते हैं जो सार्वजनिक रूप से अपनी राजनीतिक पसंद व्यक्त नहीं करते, लेकिन मतदान के दिन निर्णायक भूमिका निभाते हैं। उच्च मतदान अक्सर इस वर्ग की सक्रियता को दर्शाता है। यही कारण है कि चुनावी पंडित इस बार के परिणामों को लेकर असमंजस में हैं।

साथियों बात अगर हम अब एक और महत्वपूर्ण दावा जो सामने आ रहा है, वह यह है कि क्या इसको समझने की करें तो इलेक्शन कमिशन ऑफ़ इंडिया ने प्रत्येक चुनाव में 10 प्रतिशत अधिक मतदान सुनिश्चित करने में सफलता प्राप्त की है। इस दावे को तथ्यों की कसौटी पर परखना आवश्यक है। चुनाव आयोग ने पिछले कुछ वर्षों में मतदाता जागरूकता अभियान, डिजिटल रजिस्ट्रेशन, बूथ सुविधाओं में सुधार और महिलाओं व दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध जैसे कई कदम उठाए हैं।इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव निश्चित रूप से देखा गया है, लेकिन हर चुनाव में 10 प्रतिशत की वृद्धि एक सामान्य पैटर्न नहीं है। यह वृद्धि स्थानीयराजनीतिक परिस्थितियों,मुद्दों औरप्रतिस्पर्धा की तीव्रता पर अधिक निर्भर करती है।इसी संदर्भ में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत रत्न देने की मांग का मुद्दा भी चर्चा में है। यह मांग मुख्यतः भावनात्मक और राजनीतिक प्रतिक्रिया के रूप में सामने आई है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन भारत रत्न जैसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए व्यापक, दीर्घकालिक और बहुआयामी योगदान का मूल्यांकन किया जाता है। केवल एक चुनाव में उच्च मतदान प्रतिशत को इस सम्मान का आधार बनाना संस्थागत दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता। हालांकि, यह तथ्य अवश्य है कि यदि चुनाव आयोग ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और भागीदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, तो उसकी सराहना की जानी चाहिए। साथियों बात अगर हम इस पूरे परिदृश्य का अंतरराष्ट्रीय महत्व भी कम नहीं है इसको समझने की करें तो,यदि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान लगातार होने लगे,तो यह विश्व लोकतंत्र के लिए एक मिसाल बन सकता है।कई विकसित लोकतंत्रों में भी मतदान प्रतिशत 60-70 के बीच रहता है। ऐसे में पश्चिम बंगाल का यह अनुभव वैश्विक स्तर पर अध्ययन का विषय बन सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि, यह कहना उचित होगा कि पश्चिम बंगाल का यह चुनाव केवल एक राज्य का चुनाव नहीं रह गया है, बल्कि यह लोकतांत्रिक भागीदारी, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सामाजिक गतिशीलता का एक जीवंत प्रयोग बन चुका है। 93 प्रतिशत का आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि यह उस ऊर्जा का प्रतीक है जो भारतीय लोकतंत्र को जीवित और सक्रिय रखती है। अब सबकी निगाहें मतगणना के दिन पर टिकी हैं, जब यह स्पष्ट होगा कि इस ऐतिहासिक मतदान ने सत्ता की दिशा किस ओर मोड़ी है।

एक नजर

### गैदसिंह भवन पखांजूर के मूल्यांकन शिविर 27 दिव्यागों को उपकरण वितरित



**कांकेर 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव श्रीरसागर निर्देशानुसार जिले में दिव्यांगजनों के मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पखांजूर के गैंदसिंह भवन मे शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिवयांगजनों का प्रमाणीकरण के साथ ही यूडीआईड कार्ड बनाये गये एवं सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में 15 दिव्यांगजनों का मेडिकल, 6 नवीनीकरण, 2 व्हील चेयर, 1 श्रवण यंत्र, 2 बैशाखी, 1 सी.पी. चेयर, 1 ट्रायसायकल, 1 बेटरी सायकल इस प्रकार कुल 27 हितग्राही को सहायक उपकरण वितरण किया गया तथा 03 हितग्राहियों का पेंशन प्रकरण बनाए गए। शिविर में समाज कल्याण की विभागीय टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सों के टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांगता मूल्यांकन किया गया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा पूर्व नि:शुल्क कोचिंग 4 मई से

**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती (थल सेना) 2026 में पंजीकृत अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है. कि 13 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन पंजीकृत आवेदकों को लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग 04 मई 2026 से 04 जून 2026 तक दिया जाना है। अतः इच्छुक ऑनलाइन पंजीकृत आवेदक दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक रोजगार विभाग के पोर्टल www.erojgar.cg.gov.in/Chhattisgarh Rojgar App में अग्निबीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन में क्लिक कर प्रशिक्षण हेतु अपना पंजीयन करा सकते है। अथवा अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, दंतेवाड़ा से संपर्क करें।

### तृतीय चरण में 200 कर्मियों को दी जा रही जनगणना की विशेष ट्रेनिंग

**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 के अंतर्गत तृतीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को तकनीकी प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के संधारण तथा डिजिटल प्रविष्टियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को अपनी भूमिका गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण एवं अभ्यास सत्रों को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।तृतीय चरण के इस प्रशिक्षण में जिले की 02 तहसीलों एवं 03 नगर पालिका परिषदों के कुल 172 प्रगणक एवं 28 पर्यवेक्षक, यानी कुल 200 कर्मियों को 05 बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। कार्यक्रम के दौरान जिला जनगणना अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा सहित संबंधित चार्ज जनगणना अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### ग्राम चेरपाल में महिला चिकित्सक की पदस्थापना से होगा बेहतर इलाज

**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार ग्राम चेरपाल स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महिला चिकित्सक की पदस्थापना कर दी गई है। इस पहल से चेरपाल सहित आसपास के 8 पंचायतों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे अब मरीजों को उपचार के लिए गीदम तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही नियमित रूप से चिकित्सकीय सेवाएं मिल सकेंगी।

# जिले में मनाया गया पंचायती राज दिवस,एप से डिजिटल हुई ग्राम सभाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 25 अप्रैल।** बस्तर जिले में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज शुक्रवार को ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिखी गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जिला स्तर और विकासखंड पर आयोजित इन कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस विशेष अवसर पर पंचायती राज व्यवस्था की महत्ता और ग्राम स्वराज की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई, जहां वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्रणाली लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हुए जमीनी स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करती है।



ग्राम सभाओं के दौरान आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत के निर्माण हेतु संकल्प पारित किए गए और गाँव की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने खेल, कला या अन्य विधाओं में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। इसी कड़ी में आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करने वाली 'लखपति दीदीयों' का भी सम्मान किया गया। सभा में सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों पर विशेष जोर देते हुए ग्राम विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही आगामी जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु ग्रामीणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और प्रगणकों को पूर्ण सहयोग देने पर चर्चा की गई।

बस्तर ने तकनीकी नवाचार के मामले में एक विशिष्ट उदाहरण पेश किया, जहाँ जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 'निर्णय एप्प' के माध्यम से सभा की फोटो और वीडियो अपलोड किए गए। साथ ही सभासार एप्प (एआई टूल) का उपयोग कर ग्राम सभा की कार्यवाही का ऑनलाइन विवरण तैयार करने की आधुनिक प्रक्रिया अपनाई गई। इस दौरान ग्राम सभा अध्यक्ष के चुनाव हेतु चक्रानुक्रम प्रक्रिया पर भी प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर जिला पंचायत बस्तर के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद सभी उपस्थितजनों द्वारा पंचायतों को अधिक सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# भीषण गर्मी और लू में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय

- आंगनबाड़ी संचालन समय में बदलावः बच्चों की उपस्थिति सुबह 7 से 9 बजे तक सीमित
- बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, निर्देशों के क्रियान्वयन में कोई ढिलाई नहीं होगीः महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े



**रायपुर, 25 अप्रैल ।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए त्वरित एवं संवेदनशील निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशानुसार 30 जून 2026 तक प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे। इस अवधि में बच्चों की उपस्थिति केवल सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक निर्धारित की गई है, ताकि उन्हें अत्यधिक तापमान एवं लू के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख, शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा (श्वष्टष्टश्व) गतिविधियाँ निर्धारित समय-सारिणी एवं कलेण्डर के अनुसार संचालित होंगी तथा पूरक पोषण आहार का वितरण नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे बच्चों के पोषण एवं शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए।

निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्र प्रातः 7:00 बजे से प्रारंभ होंगे, जिसमें बच्चों की उपस्थिति 7:00 से 9:00 बजे तक रहेगी, जबकि अन्य सेवाओं के लिए केंद्र 11:00 बजे तक संचालित रहेगा। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने जॉब चार्ट के अनुसार शेष कार्यों का निष्पादन करेंगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि गृहभेंट के माध्यम से पोषण परामर्श सेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्र बंद होने के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घर-घर जाकर माताओं को जागरूक करेंगी।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि गर्म हवाओं, अधिक तापमान एवं लू की स्थिति में बच्चों को सुरक्षित रूप से घर तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में संबंधितों की जवाबदेही तय की जाएगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें, ताकि जमीनी स्तर पर निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरांत 01 जुलाई 2026 से आंगनबाड़ी केंद्र पुनः अपने सामान्य समय प्रातः 9:30 बजे से 3:30 बजे तक (6 घंटे) संचालित किए जाएंगे।

## बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को, दंतेवाड़ा जिले में 3913 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड, नवा रायपुर के अंतर्गत उप निरीक्षक पदों की लिखित भर्ती परीक्षा (एमबीएसआई-26) का आयोजन 26 अप्रैल 2026, रविवार को पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के 16 जिलों में आयोजित होगी। दंतेवाड़ा जिले में इस परीक्षा में कुल 3913 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 20 अप्रैल 2026 से व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी अपने प्रोफाइल लॉगिन के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दिवस को अभ्यर्थियों को कम से कम दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केंद्र में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा, ताकि पहचान सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूरी की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से एक दिन पहले ही अपने परीक्षा केंद्र के स्थान का भली-भांति निरीक्षण कर लें।

प्रवेश पत्र का पूर्ण प्रिंट आउट साथ लाना अनिवार्य है तथा इसके साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत करना होगा। बिना मूल पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा के दौरान हल्के रंग के आधी बांह वाले वस्त्र पहनना अनिवार्य रहेगा, जबकि गहरे रंग के कपड़े पहनने पर रोक रहेगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने के निर्देश दिए गए हैं तथा किसी भी प्रकार के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## 1998-99 एल.वी. संवर्ग शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, पुरानी पेंशन का रास्ता साफ

- प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की मांग पर हाईकोर्ट की मुहर, शासन की अपील खारिज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने 1998-99 एल.वी. संवर्ग के शिक्षकों के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए उन्हें उनकी देय तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ देने का रास्ता साफ कर दिया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य शासन द्वारा दायर रिट याचिका क्रमांक 325/2026 को खारिज कर दिया है।

इससे पहले 17 फरवरी 2026 को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी शिक्षकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए शासन को निर्देश दिया था कि 120 दिनों के भीतर 1998-99 एल.वी. संवर्ग शिक्षकों को उनकी देय तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान किया जाए। हालांकि, शासन ने इस निर्णय को डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी, जिसे अब खारिज कर दिया गया है। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, महासचिव डेसनाथ पांडे एवं सह सचिव चन्द्रभूषण ठाकुर ने संयुक्त बयान में कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के लंबे संघर्ष की जीत है। इससे 1998-99 बैच के शिक्षकों को उनका हक और अधिकार मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संघ ने बताया कि इस मांग को लेकर लगातार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप जूदेव को ज्ञापन सौंपे गए थे।संघ के अनुसार, मुख्यमंत्री ने भी आश्वासन दिया था कि इस विषय पर शीघ्र कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। अब हाईकोर्ट के निर्णय के बाद इस पर अंतिम मुहर लग गई है संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी ने सरकार से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए जल्द से जल्द आदेश जारी कर शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। इस निर्णय के क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ द्वारा 26 अप्रैल को रायपुर स्थित होटल वेलकम श्री में महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 0.2 के सफल संचालन के लिए जिले में 1 मई से शिविरों का आयोजन

**कांकेर 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए बस्तर संभाग में संचालित बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 और राज्य व्यापी सुशासन तिहार अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 46 क्लस्टर बनाए गए हैं। अभियान के तहत जिले में क्लस्टरवार 01 मई से शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों के पर्यवेक्षण, निरीक्षण तथा विभागीय सहयोग एवं समन्वय के लिए कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत अंतागढ़ में 08 क्लस्टर, भानुप्रतापपुर में 05 क्लस्टर, चारामा में 06 क्लस्टर, दुर्गूकोंदल में 04 क्लस्टर, जनपद पंचायत कांकेर में 04 क्लस्टर, कोयलीबेड़ा में 08 क्लस्टर और जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत 11 क्लस्टर बनाए गए हैं। जनपद पंचायत अंतागढ़ में आमागांव, जेठेगांव, बेलोण्डी, करमरी, मासबरस, कलगांव, कोलर और टिमनार को क्लस्टर बनाए गए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत परवी, कराठी, भानबेड़ा, हाटकर्रा, भैंसाकन्हार (डू) और जनपद पंचायत चारामा में चारामा, हाराडुला, लखनपुरी, पुरी, शाहवाड़ा एवं लिलेझर, जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल अंतर्गत तरहूल, हामतवाही, बरहेली, खुटगांव तथा जनपद पंचायत कांकेर में धनेलीकन्हार, पीढ़ापाल, माकड़ीखूना, गढ़पिछवाड़ी एवं जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में ऐसेबेड़ा, उदनपुर, गोण्डाहूर, बान्दे कॉलोनी, कोयलीबेड़ा, बड़गांव, छोटेकापसी एवं बेलगाल और जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत सुरही, जामगांव, मुसुरपुट्टा, धनोरा, साल्हेभाट, करप, धनेसरा, जुनवानी, किशनपुरी, बिरनपुर और अमोड़ा को क्लस्टर बनाया गया है। इन सभी क्लस्टरों के लिए जिला स्तर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# कलेक्टर ने अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य किया कार्य विभाजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 25 अप्रैल।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य नए सिरे से कार्य विभाजन किए हैं। अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के अलावा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन का दायित्व भी सौंपा गया है। इसके साथ ही तहसील कांकेर, चारामा, नरहरपुर, सरोना, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं आमाबेड़ा के राजस्व प्रकरण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन, प्रकरणों मद परिवर्तन, संबंधी प्रकरणों का निराकरण एवं छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत प्रस्तुत अपील, पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण संबंधी दायित्व सौंपे गए हैं। अपर कलेक्टर श्री कुर्रे को जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी जैसे-खनिज शाखा, उद्योग, नगर तथा ग्राम निवेश, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ, विभागीय जांच, कोष लेखा पेंशन, विकास शाखा, जनगणना, विवाह अधिकारी, वेब इन्फ्रॉमेशन मैनेजर, नोडल अधिकारी लोकसभा, विधानसभा एवं राज्यसभा, सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रथम अपीलीय अधिकारी, वन अधिकार पट्टा, मालिक मकबूजा प्रकोष्ठ, मोबाइल टावर निर्माण, नक्सल प्रभावित योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं विकास इत्यादि शाखाओं के प्रभारी अधिकारी भी बनाए गए हैं।संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे को जिला नजुल अधिकारी के साथ ही विभिन्न शाखाओं जैसे-तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारियों का अवकाश, अग्रीम यात्रा भत्ता इत्यादि, चिकित्सा व्यय, नजुल नवकरण शाखा, वित्त एवं स्थापना शाखा, राजस्व शाखा, राहत, पुनर्वास शाखा, रेडक्रास, नजारत, समाज कल्याण से संबंधित प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं। डिप्टी कलेक्टर श्री टिकाराम देवांगन को प्रभारी अधिकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, जनसूचना अधिकारी कलेक्टर कार्यालय, लोक सेवा गारण्टी अधिनियम, प्रपत्र शाखा, अल्प बचत, अल्प संख्यक, वक्फ बोर्ड, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, चिप्स, लोकसेवा केन्द्र, जेल, नगर सेना, विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला शहरी विकास अभिकरण के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं।डिप्टी कलेक्टर श्री मनीषदेव साहू को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आस्था बोरकर को वरिष्ठ लिपीक शाखा, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पुरातत्व संस्कृति एवं पर्यटन मण्डल, सैनिक कल्यण इत्यादि शाखाओं के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं।

### आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल, जिले के खिलाड़ियों से 27 अप्रैल तक आवेदन

**कांकेर 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर में स्थित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल (बालिका) के नवीन खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाना है, इसके लिए चयन ट्रायल आयोजन किए जाएंगे। इसके अंतर्गत हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, एथलेटिक्स (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल (बालिका) खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 से 29 अप्रैल को वेटलिफ्टिंग (बालक-बालिका) एवं फुटबॉल (बालिका) के लिए चयन ट्रायल रायपुर के कोटा में आयोजित होगा। इसी प्रकार तीरंदाजी एरिना (बालक-बालिका) का चयन ट्रायल बालिका छात्रावास के सामने रायपुर में आयोजित होगा।

### भाजपा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन बिल पास कराना चाह रही थी

# कांग्रेस महिला आरक्षण के समर्थन में थी और है,भाजपा फैला रही भ्रम:शिल्पा देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 25 अप्रैल।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी की अध्यक्षता में PCC प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका।भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है, महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 106वां संविधान संशोधन 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है तथा यह कानून भी बन चुकी है।भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें




महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी।सरकार ने 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया-÷संसद में जो विधेयक गिरा उसमें इस विधेयक में लोकसभा परिसीमन की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था राज्यों में 815 सीटें तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटेंथी÷परिसीमन विधेयक जिसमें परिसीमन के लिये 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की गयी थी।÷विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की बात की गयी थी ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके।÷

PCC प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने आगे कहा भाजपा सरकार का परिसीमन बिल पर देश के अन्य राज्यों को आपत्ति थी, भाजपा आरक्षण सामने रख कर परिसीमन बिल पास करना चाहती है।भाजपा 2011 के जनगणना को आधार मान कर परिसीमन करना चाहती है।जब 2026-27 की जनगणना शुरू है तथा सरकार जाति जनगणना की भी मात कर चुकी है तो जनगणना के बाद आये नये आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों नहीं कराया जा रहा?महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है तो परिसीमन का इंतजार किये बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती सरकार? कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार है।सरकार 2023 के महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन कर महिला आरक्षण को तुरंत लागू कर सकती थी उसने ऐसा क्यों नहीं किया?जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 जो कानून बन चुका है 2036 से मूर्त रूप लेगा संशोधन से तुरंत लागू हो जाता।भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की नहीं अपने मनमुताबिक सीटों के परिसीमन की थी जो विपक्षी दलों की एक जुटता से पूरा नहीं हो चुका।

PCC प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने कहा पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा तो यह भी कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए।

## जनगणना प्रशिक्षण के अंतिम दिन कलेक्टर का निरीक्षण, प्रगणकों को दिए अहम निर्देश

**दंतेवाड़ा, 25 अप्रैल।** जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, दंतेवाड़ा में आयोजित जनगणना 2027 के तृतीय चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज अंतिम दिवस रहा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षण में शामिल प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करें ताकि जनगणना प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जनगणना कार्यों में आवश्यक गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एकत्रित की जाने वाली जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान का प्रभावी उपयोग करने की बात कही। इस दौरान जिला जनगणना अधिकारी श्री मूलचंद चोपड़ा,, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्री जूलियस केरकेट्टा, तहसीलदार श्री परमानंद बंजारे सहित अन्य संबंधित चार्ज जनगणना अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों को जनगणना कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ करेंगे।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने स्वास्थ्य अमले ने किया निरीक्षण

## हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की देखभाल, संस्थागत प्रसव और टीकाकरण पर विशेष जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़, 25 अप्रैल।** राज्य शासन एवं कलेक्टर के निर्देश में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जगत एवं जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. बी.पी. पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा तथा डॉ. कल्याणी पटेल की संयुक्त टीम द्वारा विकासखंड लोईंग एवं पुसौर में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाई रिस्क गर्भवती महिला वार्ड, ओपीडी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

टीम ने विकासखंड लोईंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनोरा एवं जामगांव तथा पुसौर क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र औरदा, कुसमुरा और कोड़ातरई का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पतालों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल सुनिश्चित करने तथा एनीमिक गर्भवती माताओं की नियमित जांच, उपचार एवं पोषण संबंधी परामर्श देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थानों को प्रत्येक माह की 25 तारीख को संभावित प्रसव तिथि वाली गर्भवती महिलाओं की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कर उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पोर्टल एंट्री, एचपीवी टीकाकरण, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट और औचक मूल्यांकन जैसे पहलुओं की भी समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए सभी संबंधितों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का छुरा आगमन 26 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 25 अप्रैल।** नगर क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है कि लक्ष्मी राजवाड़े का कल छूरा नगर में प्रथम नगर आगमन होने जा रहा है। उनके स्वागत को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी थानसिंह निषाद ने आम जनता एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अवसर नगर के लिए विशेष महत्व रखता है और सभी नागरिकों को इसमें सहभागिता निभानी चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन शीतला मंदिर प्रांगण में प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा। मंत्री के स्वागत हेतु विभिन्न तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

### धान संग्रहण केंद्र कुंडेल भाटा में रोज जाम से बढ़ा हादसे का खतरा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 25 अप्रैल।** कुंडेल भाटा स्थित धान संग्रहण केंद्र के पास इन दिनों हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। धान लेकर पहुंचने वाले ट्रकों की अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात नियंत्रण के अभाव में भीषण गर्मी में यहां रोज़ाना घंटों लंबा जाम लग रहा है। सड़क पर वाहनों की कतारें इतनी लंबी हो जाती हैं कि आम लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। रोज़ाना आवागमन करने वाले राहगीरे कड़कड़ाती धूप की मार झेलते हुए जाम का सामना करना पड़ रहा है। लोग घंटों तक फंसे रहते हैं, जिससे लोगों की जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कई बार एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं, बल्कि प्रतिदिन की बन चुकी है। ट्रक चालक सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे पूरा मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते ट्रकों के लिए अलग पार्किंग, यातायात व्यवस्था और निगरानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों में प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है।

## एक नजर

### आवासीय खेल अकादमी रायपुर में विभिन्न खेलों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन

**रायगढ़, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी (बालक/बालिका) में हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग एवं एथलेटिक्स खेलों में नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। यह ट्रायल 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किया गया है। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीरंदाजी (बालक/बालिका), फुटबॉल (बालिका) एवं वेटलिफ्टिंग (बालक/बालिका) के चयन ट्रायल 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को कोंटा स्टेडियम तथा तीरंदाजी एरिना (बालिका छात्रावास के सामने) में आयोजित होंगे। वहीं हॉकी (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) के ट्रायल 30 अप्रैल एवं 1 मई 2026 को कोंटा स्टेडियम तथा हॉकी स्टेडियम पिच-2 बालक छात्रावास के सामने में संपन्न होंगे। इच्छुक प्रतिभागियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित दल प्रबंधक के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ी कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला रायगढ़ से पंजीयन प्रपत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथियों में चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर वार्षिक साधारण सभा 8 मई को

**रायगढ़, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी, रायगढ़ की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 8 मई को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में किया जाएगा। सचिव/ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी ने समस्त संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को नियत तिथि एवं समय पर वार्षिक साधारण सभा में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कहा है।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद, 25 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग केन्द्र ने बताया कि इस योजना के तहत राइस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला, बेकरी उत्पाद, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़-बड़ी, नमकीन-मिक्चर, अचार, सॉस, जैम, जेली, गुड़, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी, मिठाई उत्पाद, आइसक्रीम, पशु आहार, मछली आहार, मशरूम उत्पाद, मुर्गी आहार, चटनी, जूस, साबुदाना, घी, पोहा निर्माण, लहसुन-प्याज एवं अदरक पेस्ट, पेठा, तिलकुट सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा सकती हैं। योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए नवीन इकाई की स्थापना के साथ-साथ पूर्व में स्थापित इकाइयों के विस्तार एवं अपग्रेडेशन भी पात्र होंगे। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मान्य परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये होगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। लाभार्थी को परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अंशदान स्वयं करना होगा।

# जनता के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना ही सुशासन का उद्देश्य : चौधरी

## वित्त मंत्री की उपस्थिति में केलो विहार समिति के सदस्यों से संवाद, पात्र हितग्राहियों को किया गया मांग पत्र वितरण

■ प्रथम चरण में 103 पात्र सदस्यों का किया गया चिन्हांकन, विभिन्न श्रेणियों में भूमि आवंटन प्रक्रिया तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 25 अप्रैल।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सृजन कक्ष में केलो विहार शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायगढ़ के पंजीकृत सदस्यों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने समिति के सदस्यों से संवाद करते हुए आवासीय सुविधाओं के विस्तार, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र परिवार को आवासीय अधिकार एवं मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों।

कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री चौधरी द्वारा पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण भी किया गया। मौके पर ही समिति के 2400 वर्गफुट श्रेणी में डॉ. धनराज प्रसाद साहू, दुलीचंद देवांगन एवं एस.एच.खोड़यार को, 1800 वर्गफुट श्रेणी में भवानी शंकर पटनायक को, इसी प्रकार 1500 वर्गफुट श्रेणी में आई.एस. परिहार, केदारनाथ प्रधान एवं बासंती सरकार को, 1200 वर्गफुट श्रेणी में खगेश्वर पटेल एवं मथुरा प्रसाद नामदेव को मांग पत्र जारी किया गया। वहीं 960 वर्गफुट श्रेणी में सूर्यकुमार पांडा, त्रिलोकी नाथ पुजारी, श्रीवत्स पांडा एवं बालकृष्ण डनसेना को पट्टा प्रदान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि समिति से संबंधित कुल 103 पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है तथा शेष प्रकरणों में भी नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि केलो विहार पट्टा प्रकरण लंबे समय से लंबित और अत्यंत संवेदनशील विषय था। यहां के नागरिकों ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने युवावस्था में अपने सपनों का घर बनाया, प्लॉट लिया, मकान निर्मित किया, लेकिन वर्षों बाद भी उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल पाया था। उन्होंने कहा कि आज जब पात्र हितग्राहियों को पट्टा मिला है, तो यह उनके जीवन के सपनों के साकार होने जैसा है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि जब लोकतंत्र में सरकार और प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हैं, तब लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन आता है। केलो विहार के निवासियों के साथ आज ऐसा ही सकारात्मक कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकतर हितग्राही सेवानिवृत्त आयु वर्ग के हैं, जिनकी आयु 60 से 70 वर्ष या उससे अधिक है। ऐसे समय में उन्हें उनके अधिकार दिलाना अत्यंत संतोष का विषय है। मंत्री चौधरी ने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसडीएम, नजूल विभाग तथा संबंधित अधिकारियों को बधाई देते हुए केलो विहार के सभी निवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे, अपर कलेक्टर रवि राही, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, समिति पदाधिकारी एवं पंजीकृत सदस्य उपस्थित रहे।

### मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर बीएस उइके ने किया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 25 अप्रैल।** कलेक्टर बीएस उइके ने अपने कार्यालय कक्ष में आज वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले दसवीं-बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को 10-10 हजार रूपयें का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और लगातार किए गए परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर उपस्थित थे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी का होगा पुनरुद्धार

## जल संसाधन विभाग जिला बालोद व आईआईटी भिलाई के मध्य हुआ एमओयू

■ तांदुला नदी के पुनरूद्धार से नदी से संबंधित अनेक परियोजनाओं के लिए प्रशस्त होगा मार्ग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बालोद, 25 अप्रैल।** बालोद जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से शीघ्र ही जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी का पुनरूद्धार होने से यह नदी अपने नए स्वरूप में प्रस्तुत होगा। इसके पुनरूद्धार कार्य हेतु आज जल संसाधन विभाग जिला बालोद एवं आईआईटी भिलाई के इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के मध्य औपचारिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। जिला प्रशासन के विशेष पहल पर शुरू किए गए यह कार्य बालोद जिले में नदी पुर्नजीवन के लिए एक वैज्ञानिक सतत एवं सामुदायिक भागीदारी आधारित मॉडल स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आज संपन्न एमओयू के दौरान दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन सहित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के दिशा-निर्देशन में बालोद जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए इस पहल से जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी का शीघ्र ही कायाकल्प होने के साथ-साथ यह नदी धरती माता आम जनता की सेवा में अपनी स्वरूप में प्रस्तुत होने वाली है।

संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने बालोद जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जीवन दायिनी तांदुला नदी को सजाने, संवारने की दिशा में शुरू किए गए इस महत्वपूर्ण कार्य की भूरी-भूरी सराहना की। राठौर ने बालोद जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयोचित प्रयास बताया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस परियोजना की सफ्लता न केवल बालोद जिले के लिए बल्कि भविष्य में समूचे छत्तीसगढ़ राज्य में नदी पुर्नजीवन से संबंधित अनेक परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी। संभाग आयुक्त ने जिला प्रशासन बालोद एवं आईआईटी भिलाई को इस महत्वपूर्ण कार्य की सफ्लता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने इस परियोजना के व्यापक उद्देश्यों के संबंध में एक स्पष्ट दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने वर्तमान में तांदुला नदी के समक्ष सेलेटेशन, प्रदूषण, जल प्रवाह में मौसमी अस्थिरता एवं पारिस्थितिक क्षरण जैसे मौजूद चुनौतियों के संबंध में प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने बालोद जिला प्रशासन की ओर से तांदुला जलाशय से हीरापुर एनीकट तक 03 किमी. के क्षेत्र तक के क्षेत्र को भविष्य में संतुलित स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुदृढ़ नदी तंत्र के रूप में विकसित करने की योजना के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर आईआईटी भिलाई की टीम के द्वारा इस बहुद्देश्यी परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। जिसके अंतर्गत निर्धारित समयावधि में इनके क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत योजना एवं प्रमुख फोकस क्षेत्रों के संबंध में जानकारी भी साझा की गई। इसके अलावा वैज्ञानिक सर्वेक्षण, जल गुणवत्ता सुधार, जैव विविधता संरक्षण, जल प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को भी रेखांकित किया गया। f

### नगर में स्वच्छता को बढ़ावा देने 5 मई तक चलेगा सफाई का अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 25 अप्रैल।** नगर पंचायत छुरा द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 21 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026 तक प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में निर्धारित तिथि के अनुसार सफाई कार्य किया जाएगा। प्रत्येक दिन अलग-अलग वार्डों में नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न स्थानों जैसे मुख्य मार्ग, मंदिर परिसर, तालाब क्षेत्र, स्कूल परिसर एवं सार्वजनिक स्थानों में विशेष साफ-सफाई की जाएगी। नगर पंचायत द्वारा वार्डवार टीम गठित कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि अभियान प्रभावी रूप से संचालित हो सके।

नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरीथानसिंह निषाद ने खुद स्वच्छता कर समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है और सामूहिक प्रयास से ही स्वच्छ नगर का निर्माण संभव है।

अभियान के सफ्ल क्रियान्वयन हेतु नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रतिदिन उपस्थित रहकर कार्यों की निगरानी करेंगे। इस पहल से नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने और स्वच्छ वातावरण निर्माण में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। स्वच्छता हेतु सभापति बलराज पटेल, नारायण पटेल, आसकरण टंडन, दुलम बाई ध्रुव, बेदू निर्मलकर, शोभाराम साहू, आशीष चंद्राकर, तिलक राम टंडन, संतोष यादव, युवराज सिन्हा, कृष्णकुमार साहू, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, निखिल साहू, कुश साहू, भवानीशंकर सेन, रमेश निर्मलकर, रूपेश साहनी, सुंदर ध्रुव, संगीता साहनी, ईश्वरी सोनवानी, छोटू, कुमारी बाई एवं स्वच्छता दीदी सहित गणमान्य जन उपस्थित थे।

## विशेष स्वास्थ्य शिविरों में जांच, परामर्श और निःशुल्क सोनोग्राफी से सुरक्षित मातृत्व को मिला बढ़ावा

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान : 421 गर्भवती महिलाओं की जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 अप्रैल।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा के संचालन में 24 अप्रैल को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को संचालित किया जाता है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक अल्पाहार उपलब्ध कराते हुए उनकी विस्तृत स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन एवं ऊंचाई सहित आवश्यक सभी जांचें की गई। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम टैबलेट का वितरण कर महिला चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी विशेष काउंसलिंग भी दी गई।



उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें निजी एवं शासकीय सोनोग्राफी केंद्रों में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम एवं ऑपरेशन थियेटर का भ्रमण कराया गया, ताकि प्रसव को लेकर उनके मन में मौजूद भय और तनाव को कम किया जा सके तथा उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं से अपील की गई है कि वे इस अभियान का अधिकतम लाभ उठाकर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित पोषण एवं संस्थागत प्रसव को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आंगनबाड़ी में पहुंचने की सलाह दी गई।

अभियान के तहत 24 अप्रैल को जिले में कुल 421 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। इनमें सिविल अस्पताल खरसिया में 24, लोईंग विकासखंड में 36, पुसौर में 60, चपले में 62, तमनार में 37, धरमजयगढ़ में 124, लैलूंगा में 52 तथा घरघोड़ा में 50 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इस प्रकार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### नगर निगम संचालित पॉच वाटर एटीएम गर्मी में चालू

राजनांदगांव 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नागरिको को एक रूपये में एक लीटर शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा वर्षो पहले 6 स्थानो पर वाटर एटीएम स्थापना की गयी थी,जो तकनीकि खराबी के कारण कुछ समय से खराब स्थिति में आ गयी थी। जिसे महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर मरम्मत कर पॉच वाटर एटीएम चालू किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों नगर निगम, जिला कार्यालय, नया बस स्टैण्ड, चौपाटी के पास, बसंतपुर जिला चिकित्सालय, हाट बाजार में वाटर एटीएम लगाया गया था, जिसका देख रेख एवं संधारण कार्य समय समय में वाटर एटीएम संचालक द्वारा किया जा रहा था। वाटर एटीएम लगाने का उद्देश्य 1 रूपये में शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना था। वर्षो से लगे होने के कारण वाटर एटीएम में खराबी आ गयी थी तथा हाट बाजार के वाटर एटीएम का समान भी चोरी हो गया था। वर्तमान में गर्मी को देखते हुए महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा एटीएम का मरम्मत किया गया, मरम्मत उपरांत नगर निगम, जिला कार्यालय, नया बस स्टैण्ड, चौपाटी के पास की वाटर एटीएम चालू किया गया, तथा जिला चिकित्सालय में लगे एटीएम चिकित्सालय के सहयोग से चालू कर उन्हें संचालन के लिए दिया गया। इस प्रकार पॉचो वाटर एटीएम वर्तमान में चालू है, जिसका लाभ आम नागरिक उठा रहे है। इस संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शुद्ध एवं ठंडा पानी सुचारू रूप से मिले इस हेतु प्रक्रिया कर महिला समूह को निगरानी एवं मेंटनेंस करने जिम्मेदारी दी जायेगी।

### मोतीपुर नदी घाट में अवैध रेत उत्खनन पर राजस्व की टीम ने की बड़ी कार्रवाई

राजनांदगांव 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज कुमरदा तहसील अंतर्गत ग्राम मोतीपुर नदी घाट में राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए रैम्प को तोड़ दिया। साथ ही घाट तक पहुंचने वाले मार्ग को काटकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया गया, ताकि भविष्य में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इससे पहले टीम द्वारा मोतीपुर नदी घाट से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे दो माजदा वाहनों को रेत सहित जप्त किया गया। दोनों वाहनों को थाना डोंगरगांव के सुपुर्द कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री विजय कोठारी सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर उपस्थित रही।

### मुख्यमंत्री 28 जून को करेंगे निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 'लोकतंत्र प्रहरी' (लोकतंत्र सेनानी संघ का उत्तराधिकारी संगठन) द्वारा आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 28 जून 2026 को आयोजित किया जा रहा है। पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित होने वाले इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और अपने कर-कमलों से विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने सहित अनेक महान भावी उपस्थित होगे प्रदेश कार्यालय मंत्री संतोष कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नई पीढ़ी को लोकतंत्र के इतिहास से रूबरू कराने के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

### ग्राम सिनोधा में शीतला मंदिर नवनिर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम पंचायत सिनोधा में शीतला मंदिर नवनिर्माण हेतु भूमिपूजन कार्य सम्पन्न हुआ पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण करवाकर मंदिर निर्माण का नींव रखा गया ग्रामीणों ने कहा कि शीतला माता का कृपा लाभ ग्रामवासियों को मिल रहा है शीतला माता पर आस्था रखने वाले भक्तजनों की इच्छा है कि सिनोधा में भव्य शिव मंदिर का निर्माण हो। नवनिर्माण हेतु भूमिपूजन के अवसर पर ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच श्री मती सरिता डौंडे सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल,नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा,, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ,शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद , नरेन्द्र डौंडे सरपंच प्रतिनिधि, रामेश्वर साहू सरपंच खपरीकला, पूर्व सरपंच लक्ष्मण गिरी शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा व समिति के सदस्य गण पुरोहित जी और ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# युवा मोर्चा जिला एवं मंडल पदाधिकारियों की घोषणा, आकाश बने अध्यक्ष, शुभम व हिमांशु महामंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



डोंगरगढ़ (कलकसा )25 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय एवं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिया के मार्गदर्शन तथा भाजपा राजनांदगांव जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर द्वारा युवा मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। घोषणा के अनुसार, भाजपा युवा मोर्चा डोंगरगढ़ शहर अध्यक्ष का दायित्व आकाश सिंह राजपूत को सौंपा गया है, जबकि महामंत्री के रूप में शुभम अग्रवाल एवं हिमांशु सेन को जिम्मेदारी दी गई है। आकाश सिंह राजपूत लंबे समय से शहर में युवाओं के बीच अपनी लोकप्रियता एवं सक्रिय कार्यशैली के लिए पहचाने जाते हैं। सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी निरंतर सहभागिता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

वहीं शुभम अग्रवाल विद्यार्थी जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर सहमंत्री एवं महाविद्यालय प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफ्लतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें महामंत्री का दायित्व दिया गया है। साथ ही हिमांशु सेन को भी संगठन ने महामंत्री के दायित्व का पुनः अवसर देते हुए उनकी सक्रियता एवं समर्पण को सम्मानित किया है। हिमांशु पूर्व में महामंत्री, उपाध्यक्ष जैसे दायित्वों का निर्वहन किया है

शहर भाजयुमो अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, महामंत्री हिमांशु सेन, शुभम अग्रवाल, के साथ साथ जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जयंत साहू, सोशल मीडिया प्रभारी अलंकृत शर्मा, जिला कन्या शक्ति संयोजिका शिवांगी साखरे और शासकीय योजना स्वाध्याय मंडल सोमांशु गजेंद्र और ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष झूलेंद्र वर्मा, महामंत्री महेंद्र त्रिपाठी, हितेश्वर वर्मा के नामो की भी घोषणा हुई। इस घोषणा पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, प्रदेश सहकारी विपणन संघ अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन, सुरेंद्र सिंह बननोआना, हरविंदर सिंह मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, अमित जैन, प्रकाश चोपड़िया, सविता दरगढ़ शहर भाजपा अध्यक्ष जस्मीत बननोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, एनपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जिला मंत्री अलका जयस सहारे, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, मंडल महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए युवाओं को पार्टी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नागरिकों,स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारियों ने सामूहिक स्वच्छता की शपथ ली



रायपुर 25 अप्रैल। आज रायपुर नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 8 जोन अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर और पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्री भगतराम हरबंश और नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल और कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2026 अंतर्गत जोन क्षेत्र में पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श चौक कबीर नगर में स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक और कहानियों का मंचन करवाकर स्वच्छता के 4 धुरंधर पहल अभियान चलाकर दिनांक 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 अंतर्गत 4 डिब्बा सफाई प्रणाली अपनाकर चार पृथक - पृथक रंग के डस्टबिन में गीला, सूखा, सेनेटरी और विशेष देखभाल कूड़ा अलग - अलग करके रखकर सफाई मित्र को देकर रायपुर शहर को स्वच्छ शहर बनाने भागीदारी दर्ज करने की नागरिकों से विनम्र अपील जोन 8 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा श्री राकेश बंजारे की उपस्थिति में की गयी. स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2026 अंतर्गत सफाई जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी नागरिकों को जीवन में स्वच्छता का महत्व बतलाते हुए इधर - उधर कूड़ा नहीं फेंकने और सफाई मित्र को सफाई वाहन में कूड़ा देकर वार्ड एवं शहर को स्वच्छ रखने में भागीदार बनने की विनम्र अपील की गयी और खुले में कचरा फेंके जाने पर सम्बंधितों पर नियमानुसार जुर्माना लगाने की कड़ी चेतावनी व्यवस्था सुधार हेतु दी गयी. सभी स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारियों ने रहवासियों सहित सामूहिक स्वच्छता शपथ ली.

## मुख्यमंत्री की घोषणा: छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगा 'ताम्रपत्र' सम्मान



रायपुर 25 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मा.श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उन्हें 'ताम्रपत्र' से सम्मानित करने की सहमति प्रदान की है। कल रात्रि लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मा.सच्चिदानंद उपासने के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर यह विशेष आग्रह किया था।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि प्रदेश के समस्त मीसा बंदियों को, चाहे वे जीवित हों या दिवंगत हो गए हों, शासन की ओर से ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाए। इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल सहमति जताई और संघ से कहा कि वे अन्य राज्यों में दिए जाने वाले ताम्रपत्र का प्रोफार्मा और डिजाइन यथाशीघ्र शासन के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इस पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। मुलाकात के दौरान उपासने ने मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र के माध्यम से सरकार की वर्तमान पहल की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों से 25-26 जून को मुख्यमंत्री निवास पर सेनानी परिवारों को भोजन पर आमंत्रित करना और दिवंगत सेनानियों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर उनके परिवारों को ?25,000 की सहायता देना अत्यंत प्रशंसनीय कदम है। इसी कड़ी में उन्होंने मांग की कि आगामी 25-26 जून के अवसर पर सेनानियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिह्न के साथ छायाचित्र युक्त ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाए।


## मेन्टूपल्ली में मीजल्स-रूबेला सर्वे: तीन संदिग्ध बच्चों के सैंपल लिए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर 25 अप्रैल। भोपालपट्टनम क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केन्द्र पामगल के आश्रित ग्राम मेन्टूपल्ली में गुरुवार को मीजल्स-रूबेला (खसरा-रूबेला) बीमारी को लेकर व्यापक सर्वे अभियान चलाया गया। इस सर्वे में स्वास्थ्य टीम एवं फील्ड कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सर्वे के दौरान टीम ने गांव के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और संभावित लक्षणों की गहन जांच की। जांच के क्रम में तीन बच्चों में मीजल्स-रूबेला के संदिग्ध लक्षण पाए गए, जिनके सैंपल लेकर आगे की जांच हेतु भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि सर्वे का उद्देश्य समय रहते बीमारी की पहचान कर रोकथाम सुनिश्चित करना है। टीम ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बच्चों के टीकाकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

### सुशासन तिहार जनसेवा का महाअभियान:वर्मा



तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल। 1 मई से 10 जून तक गांवों और शहरों में लगेंगे विशेष समाधान शिविर जिसमे आमजनों की शिकायतों का होगा त्वरित निराकरण मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का पारदर्शी एवं समयबद्ध लाभ दिलवाने स्थानीय जनप्रतिनिधि ओर बीजेपी कार्यकर्ता जुट जाए मंत्री ने बताया कि गली गांव कस्बा शहरी क्षेत्र में वार्ड के अंदर जाकर पार्षद ओर बीजेपी कार्यकर्ता लोगों की समस्या सुन कर निराकरण अधिकारी कर्मचारियों के साथ संपर्क कर स्थानीय सरकार जनता से सीधे संवाद कर समस्याओं का समाधान करेगी मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि हर नागरिक तक समय पर सुविधा और समाधान पहुंचाने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह संकल्पित है।

## कांग्रेस की नकारात्मक सोच महिलाओं के हितों पर सीधा प्रहार है:जानकी कोरसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 25 अप्रैल। जिला मुख्यालय में शुक्रवार को भाजपा जिला संगठन द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों की नकारात्मक सोच महिलाओं के हितों पर सीधा प्रहार है। महिलाओं के अधिकारों से वंचित करने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है और अब समय बदल चुका है– नारी तुझे सलाम नहीं, अब नारी नेतृत्व का युग है।



उल्लेखनीय है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं केवल समर्थन के लिए नहीं, बल्कि कांग्रेस के ÷दोहरे चरित्र÷ को उजागर करने के लिए एकत्र हुई हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 30 वर्षों तक महिला आरक्षण बिल को केवल चुनावी मुद्दा बनाकर रखा और इसे पास कराने में गंभीरता नहीं दिखाई। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियमङ्क2023 में संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बना, पूरे देश की महिलाओं ने उत्सव के रूप में सरकार का अभिनंदन किया था।

इस अधिनियम को 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधान सभाओं में लागू करने के लिए लाया गया जिसे कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने गैर जिम्मेदाराना रवैया के साथ इसके विरोध में मतदान किया। यह महिला अधिकारों के प्रति घोर अन्याय है, देश भर की महिलाओं के मन में कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस के विरोध पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस बिल लाने की बात करती थी, लेकिन जब 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लागू हुआ तो नए बहाने सामने लाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण के बजाय राजनीतिक विरोध बताया। श्रीमती कोरसा ने कांग्रेस पर महिला विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए तीन तलाक कानून, उज्ज्वला योजना और अन्य कार्य जो सरकार देश हित में लाती है उन जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी सवाल उठाने का उल्लेख किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माया झाड़ी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिहर सहनी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पा सिन्हा, उपाध्याय पूजा पोदी, संगीता दासर, सल्ला प्रताप, एरन्ना अन्मुल सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा प्रेक्षकों एवं फ्लाइंग स्क्वाड को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव 25 अप्रैल। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा (एमबीएसआई 26) 2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। राजनांदगांव जिले में इस परीक्षा हेतु कुल 99 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 24 हजार 185 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को जिले में सुचारू, शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं नकल-मुक्त संचालन के उद्देश्य से आज जिला पंचायत सभाकक्ष में परीक्षा प्रेक्षकों एवं फ्लाइंग स्क्वॉड टीम का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों एवं निगरानी व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रेक्षकों एवं फ्लाइंग स्क्वॉड टीम को निर्देशित किया गया कि वे परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।

### गांव के अवैध कब्जे हटाने की मांग राज्यपाल से की

सिमगा 25 अप्रैल। विदित हो कि आवेदक हीरालाल साहू निवासी ग्राम चंदिया पथरा ने महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन के नाम से आवेदन देकर गांव में किए गए अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त करने की मांग की है उन्होंने बताया कि रायपुर निवासी ओमप्रकाश सेठिया पिता शांतिलाल सेठिया द्वारा गांव में लगभग 50 एकड़ शासकीय एवं सीलिंग की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है जिसके लिए गांव में बकायदा गुंडे भी पालकर रखे हुए हैं साथ ही रायपुर से भी गुंडे बुलाकर गांव वालों को डराया धमकाया जाता है। राजनीति में मेरी बड़े बड़े नेताओं से पहचान है मैं उनके साथ उठता बैठता हूं ऐसा कहकर गांव वालों को धमकाया जाता है । अवैध कब्जे वाली ज़मीन का विवरण इस प्रकार है खसरा नं 711,799,121,97,395,3,4,,5,6,44,42, सहित शासकीय भूमि खसरा नं 112,115,96,599,13,10,47,48,43,70 आदि शामिल हैं


## शपथ पत्र

मैं नारायण कुड़ियम पिता पांडु कुड़ियम उम्र 40 वर्ष पापनपाल, तहसील बीजापुर, जिला बीजापुर (छ.ग.) पिन कोड 494444 का निवासी हूं।

मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।

मेरे पुत्र का नाम एव उपनाम राजेश कुडियम पिता नारायण कुड़ियम रहा है, शैक्षाणिक प्रमाण-पत्रों एवं अभिलेखों में अंकितानुसार सत्य एवं सही है।

त्रुटिवश मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में नाम राजेन्द्र कुड़ियम अंकित कर दिया गया है।

मेरे पुत्र के नाम एव उपनाम मेरे उपनामानुसार राजेन्द्र कुड़ियम पिता नारायण कुड़ियम एवं राजेश कुड़ियम पिता नारायण कुड़ियम दोनों नाम मेरे पुत्र के नाम है, किसी अन्य का नाम नहीं है।

मेरे पुत्र के आधार कार्ड मेरे पुत्र के उपनामानुसार राजेन्द्र कुड़ियम के स्थान पर राजेश कुडियम कर अंकित कराना चाहता हूं।

मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में यह शपथ पत्र बनाया गया है।

शपथकर्ता
नारायण कुड़ियम



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website:-risali.urbanecg.gov.in

क्र./लो.क.वि./2026/149 रिसाली, दिनांक 21/04/26

**//निविदा सूचना//**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.क.वि. भवन एसओआर 01.01.2015, रोड एसओआर 01.01.2015/रोड एसओआर 01.01.2025, इलेक्ट्रीकल एसओआर 01.06.2020 के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सं. क्र. | निविदा सं. क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) रू. |
|---|---|---|---|
| 1 | 51 | PROPOSED CONSTRUCTION OF CULVERT AT-NEAR BALRAM YADAV HOUSE, TANKI MARODA WARD 13, RISALI (C.G) | 1.11 |
| 2 | 52 | PROPOSED CONSTRUCTION OF DRAIN AT RAKESH YADAV HOUSE TO BHAGWATI TAHKUR HOUSE, TANKI MARODA WARD 13, RISALI (C.G.) | 1.95 |
| 3 | 53 | CONSTRUCTION OF CULVERT AT NEAR UDIYA KIRANA STORE, LOKCHAND HOUSE, RAKESH YADAV HOUSE, CHOWARAM NISHAD HOUSE, RAJESNDRA HOUSE TANKI MARODA WARD 13, RISALI (C.G.) | 2.92 |
| 4 | 54 | CONSTRUCTION OF CULVERT AT DEEPIKA NIRMALKAR HOUSE INFRONT OF JITTU BIHARI HOUSE WARD 13, RISALI (C.G.) | 1.46 |
| 5 | 55 | Construction of Shed near the Gaura-Gauri Chowk Tanki Maroda, Ward 13 | 4.88 |
| 6 | 56 | Construction of culverts behind Manrakhan Nishad's house, Tanki Maroda, Ward 13 | 7.8 |
| 7 | 57 | Construction of CC road from Manrakhan Nishad's house to the public toilet, Tanki Maroda, Ward 13 | 5.86 |
| 8 | 58 | PROPOSED CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT PRAMILA HOUSE TO GURUJI HOUSE, TANKI MARODA, WARD 14, RISALI (C.G.) | 8.51 |
| 9 | 59 | PROPOSED CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT - VAKEEL HOUSE TO UDAY CHAND HOUSE, TELUGU PARA, WARD 14, RISALI (C.G.) | 8.92 |
| 10 | 60 | PROPOSED CONSTRUCTION OF CHABUTARA AT-NEAR LANGUR MAIDAN (GAURA GAURI CHOURA) WARD 14, RISALI (C.G.) | 4.88 |
| 11 | 61 | PROPOSED CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAWAN AT-NEAR GAOD AADIWASHI BHAWAN WARD 14, RISALI (C.G.) | 9.75 |
| 12 | 62 | PROPOSED CONSTRUCTION OF CC ROAD AT BHAGAWATI THAKUR TO BIHARI HOUSE, WARD 15, RISALI | 9.75 |
| 13 | 63 | PROPOSED CONSTRUCTION OF CC ROAD AT PRAKASH MEDICAL TO TIKAM VERMA HOUSE VIA HUMAN SAHU HOUSE WARD 15, RISALI (C.G.) | 9.75 |
| 14 | 64 | PROPOSED CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT-KAUSHAL RAJPUR HOUSE TO SHAHIDA KHAN HOUSE, BRP COLONY, WARD 16, RISALI (C.G.) | 6.97 |
| 15 | 65 | PROPOSED CONSTRUCTION OF DRAIN AT KHOKHAN DHALI HOUSE TO MANDIR TO ARJUN VISHWAKARMA HOUSE, SHIV PARA STATION MAORDA, WARD 17, RISALI (C.G.) | 8.44 |
| 16 | 66 | PROPOSED CONSTRUCTION OF SHED AT NEAR SHITLA MANDIR STATION MAORDA, WARD 17, RISALI (C.G.) | 2.91 |
| 17 | 67 | Construction of Community building work near Budhadev Temple, Station Maroda, Ward No. 17 | 9.75 |
| 18 | 68 | Construction of Community building work near Godwana Bhawan, Station Maroda, Ward No. 17 | 9.75 |
| 19 | 69 | PROPOSED CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AT-MAIN ROAD TO RUDRA GAS AGENCY, WARD 21, STATION MARODA (C.G.) | 8.37 |
| 20 | 70 | PROPOSED CONSTRUCTION OF C.C. ROAD WORK AT BAHUR DAS MANIKPURI HOUSE TO OM YADAV HOUSE TO LALIT DEWANGAN HOUSE, WARD 21, STATION MARODA (C.G.) | 8.09 |
| 21 | 71 | Construction of Dome shed in front of the art stage at Surya Nagar Station, Maroda, Ward 21. | 4.88 |
| 22 | 72 | PROPOSED CONSTRUCTION OF C.C. ROAD WORK AT RAMESH LAL HIOUSE TO MANOJ SAHU HOUSE WARD 21, STATION MARODA | 1.09 |
| 23 | 73 | PRO. CONSTRUCTION OF DRAIN AT-GANDHI NAGAR, STREET NO7 AND 8A, MAITRI KUNJ, WARD 22, RISALI (C.G.) | 7.28 |
| 24 | 74 | PROPOSED CONSTRUCTION PATHWAY WORK AT- NEAR MAYA BELCHANDAN HOUSE, WARD 22, MAITRI KUNJ, RISALI (C.G.) | 1.93 |
| 25 | 75 | PROPOSED CONSTRUCTION PATHWAY WORK AT- NEW POLICE CHOWKI TO SHANKAR HOTEL, WARD 22, MAITRI KUNJ, RISALI (C.G.) | 9.55 |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
रिसाली


# नपा ने नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

■ नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ताओं ने ओवर ब्रीज में पुनः सफाई किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा नेवरा 25 अप्रैल। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा एव नवपदस्थ सी. एम. ओ. अमिताभ शर्मा द्वारा नगर मे स्वच्छता पहल निरंतर जारी है,आपको बता दे की नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि इस काम में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

नगर में पिछले तीन हफ्तों से सफाई अभियान चलाया जा रहा है पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा स्वयं झाड़ू लेकर अपनी टीम के साथ करती है सफाई नगर पालिका द्वारा नगर मे स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन किया जा रहा जिसमे आज नगर आज पुनः ओवर ब्रिज में सफ़ाई अभियान एवं श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय नागरिको, भाजपा के कार्यकर्तागणों ,पार्षदों ने अपनी भागीदारी दी, पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन तभी सफल होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को केवल सरकारी योजना न समझें बल्कि इसे अपनी जीवनशैली में शामिल करें सी. एम. ओ. अमिताभ शर्मा ने बताया की स्वच्छता बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. हम सभी के सहयोग से ही स्वच्छ तिल्दा नेवरा का सपना साकार हो सकता है तिल्दा नेवरा नगर पालिका के इस कदम से शहर वासियों में संतोष देखने को मिला है. लोगों का कहना है कि पहले शिकायतें अनसुनी कर दी जाती थीं, लेकिन अब नए सीएमओ के सक्रिय होने से सफाई कार्य में तेजी आई है. नगर पालिका तिल्दा नेवरा का स्वच्छता अभियान शहरवासियों के लिए राहत लेकर आया है. प्रशासन और जनता के सहयोग से शहर की नालियां साफ और स्वच्छ तिल्दा नेवरा का सपना जल्द साकार हो सकता है. स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से मुख्य नगरपलिकाधिकारी अमिताभ शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला खुमान वर्मा, सभापति ईश्वर यदु, सतीश निषाद,राजकुमार गेंड्रे ,श्रीमती अन्नपूर्णा कश्यप ,श्रीमती नीता वर्मा ,किरण वर्मा ,कुमारी वर्मा संतोष यदु पार्षद, यशवंत सेन, गोपाल साहू ,गौरव कारण ध्रुवंशी, दिलहार निषाद, राजेश निर्मलकर, डाक्टर खुमान वर्मा , स्वच्छता दीदीगण ,नगर पालिका तिल्दा नेवरा के अधिकारी ,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में नहीं है पेट्रोल-डीजल के स्टॉक की कमी

**रायपुर, 25 अप्रैल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने कहा है कि प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के साथ ही आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है. किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है. गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनज़र राज्य सरकार लगातार भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संपर्क में है, ताकि प्रदेश की ईंधन आवश्यकताओं की निर्बाध पूर्ति सुनिश्चित की जा सके.

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है. आपूर्ति की साप्ताहिक समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो. शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें.

प्रदेश में संचालित 2516 पेट्रोल पंपों तथा तीनों प्रमुख ऑयल कंपनियों के डिपो में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है. मार्च 2026 में प्रदेश की मासिक पेट्रोल आवश्यकता 1.01 लाख किलोलीटर के विरुद्ध 1.27 लाख किलोलीटर (126 प्रतिशत) की आपूर्ति की गई. वहीं अप्रैल 2026 में 23 अप्रैल तक 1.60 लाख किलोलीटर पेट्रोल प्राप्त हो चुका है.

इसी प्रकार मार्च में डीजल की आवश्यकता 1.64 लाख किलोलीटर के

### राज्य सरकार ने की अफवाहों से बचने की अपील




मुकाबले 3.00 लाख किलोलीटर (183 प्रतिशत) आपूर्ति हुई, जबकि अप्रैल 2026 में 23 अप्रैल तक 1.38 लाख किलोलीटर डीजल की आपूर्ति हो चुकी है. स्पष्ट है कि प्रदेश में मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है.

अधिकारियों ने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए सभी जिलों में आकस्मिक निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई जारी है. राज्य स्तर से लेकर जिला स्तर तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं. आम नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए विभागीय कॉल सेंटर (1800-233-3663) भी सक्रिय रूप से कार्यरत है.

23 अप्रैल 2026 को खाद्य विभाग के संचालक की अध्यक्षता में तीनों ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में यह सामने आया कि कुछ औद्योगिक उपभोक्ता रिटेल आउटलेट से डीजल खरीद रहे हैं, जिससे अस्थायी दबाव की स्थिति बनती है. इस पर कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वे मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करें.

वर्तमान स्थिति के अनुसार, प्रदेश में लगभग 77, 111 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है, जो लगभग 22 दिनों की आवश्यकता के बराबर है. इसी प्रकार 84, 295 किलोलीटर डीजल उपलब्ध है, जो करीब 15 दिनों की खपत के लिए पर्याप्त है. सरकार ने पुनः आश्वस्त किया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है तथा आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है.

## एक नजर

### ओपी शर्मा बने बलौदबाजार भाटापारा जिले के एसपी

**रायपुर, 25 अप्रैल।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में एसपी के मातृत्व अवकाश के दौरान प्रभार व्यवस्था



को लेकर शासन ने अनुभवी अधिकारी पर भरोसा जताया है। गृह पुलिस विभाग के आदेश के तहत ओमप्रकाश शर्मा रापुसे सेनानी, 4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना रायपुर को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग में लंबे अनुभव और फील्ड में कामकाज की समझ रखने वाले ओमप्रकाश शर्मा के पास पहले से ही सशस्त्र बल में महत्वपूर्ण दायित्व है। ऐसे में उन्हें जिले के एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने को प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव का लाभ जिले की कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने में मिलेगा।

### ट्रक ने बाइक सवार नाबालिग को मारी टक्कर, मौत

**रायपुर/अभनपुर, 25 अप्रैल।** अभनपुर राजिम मार्ग में एक तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार नाबलिक लड़के को टक्कर मार दी जिससे नाबालिक लड़के की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार नाबालिग को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी जान चली गई। मृतक की उम्र 13 वर्ष बताई जा रही है। बता दे की अभनपुर से कठिया मोड़ पर लंबे समय से गांव वालो के द्वारा डिवाइडर बनने की मांग की जा रही थी। डिवाइडर नहीं बनने के कारण आय दिन उस सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, और मामले की जाँच शुरू कर दी है। बड़ा सवाल यह भी है कि इतनी छोटी उम्र में बाइक मुख्य मार्ग पर चला रहा था।

### अमेजन लेकर आ रहा है खेत से ताजे आम

**रायपुर, 25 अप्रैल।** गर्मियों की सबसे जीवंत यादें अक्सर आमों से जुड़ी होती हैं उनकी खुशबू, उन्हें खाने की परंपरा, और सीजन का पहला स्वाद। अमेज़न इन पर, हम इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास करते हैं। हर गर्मी में, हम भारत की बेहतरीन आम की किस्में अल्फांसो, रसपुरी, सिंधुरी, सफेदा, केसर और अन्य सीधे खेतों से ताज़ा लाकर आपके दरवाज़े तक पहुंचाते हैं। और यह केवल ताज़े फलों तक सीमित नहीं है। आम की आइसक्रीम से लेकर आमरस, अचार और पेय पदार्थों तक, हम इस मौसम का पूरा स्वाद एक ही जगह पर उपलब्ध कराते हैं। हमारा सावधानीपूर्वक चुना गया संग्रह सुनिश्चित करता है कि आम के मौसम का बेहतरीन अनुभव हमेशा आपकी पहुंच में हो और ऐसी कीमतों पर हो कि हर किस्म को आजमाना संभव हो। अमेज़न नाउ पर 'आम-एज़िंग' स्टोरफ्रंट अब इस मौसम के पूरे स्वाद को एक साथ लाता है — खेत से ताज़े आमों के साथ कुल्फी, श्रीखंड, आमरस, पेय, अचार, मिठाइयाँ और बहुत कुछ, वह भी 70% तक की छूट पर। जो लोग बेहतरीन फसल की तलाश में हैं, उनके लिए सुपरप्लम और प्लक के विशेष चयन भी उपलब्ध हैं।

### शॉपिंग एक्सपीरिएंस रिपोर्ट जारी

**रायपुर, 25 अप्रैल।** आज एमेज़ॉन ने अपनी पहली ट्रस्टवर्दी शॉपिंग एक्सपीरिएंस रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि एमेज़ॉन अपने ग्लोबल स्टोर में किस प्रकार ग्राहकों, सैलिंग पार्टनर्स और ब्रांड्स को सुरक्षा प्रदान करता है। इस रिपोर्ट में पहली बार जालसाजी के खिलाफ, प्रोडक्ट की सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम, विश्वसनीय रिव्यू सुनिश्चित करने और संगठित रिटेल अपराध को रोकने के लिए एमेज़ॉन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा दिया गया है। इस रिपोर्ट से एमेज़ॉन के सिस्टम, टेक्नोलॉजी, साझेदारियों और अपने स्टोर को सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाए रखने के लिए इसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी मिलती है।

### बूथ समिति का गठन, कार्यकर्ताओं का सम्मान

**रायपुर, 25 अप्रैल।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 29 अंतर्गत शीतल कॉलोनी मंदिर भवन प्रांगण में वार्ड की बूथ समिति का गठन किया गया। शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्षों का सम्मान पार्षद कैलाश बेहरा के नेतृत्व में किया गया। कार्यकर्ताओं को धन्यवाद करते हुए पार्षद कैलाश बेहरा ने कहा मेरी जीत आप सभी की जीत है आगे भी संगठन को मजबूत करते हुए कार्य करते रहेंगे यही आप सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है। इस अवसर पर बैठक प्रभारी जिला मंत्री अर्चना हुकरे, शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, महामंत्री सुधीर चौबे, उपाध्यक्ष आकाश तिवारी, महिला मोर्चा सह कार्यालय मंत्री मीना सेन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमा रात्रे, भाजपा वरिष्ठ नेता राधेश्याम बाघ,दीपक त्रिपाठी, डमरूधर ताँड़ी, रिजवान ख़ान, शब्बीर भाई, मेहुल बेहरा, अमन बेहरा आदि कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# टैंकर से गंदे पानी की सप्लाई के बाद निगम सख्त, ठेकेदार पर जुर्माना

**रायपुर, 25 अप्रैल।** शहर के नगर निगम जोन-9 क्षेत्र में टैंकर के जरिए गंदे पानी की सप्लाई का मामला सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने एक्शन लिया है। संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया है और सभी टैंकर संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जानकारी के अनुसार, वार्ड पार्षद द्वारा गंदे पानी की सप्लाई की सूचना दिए जाने के बाद नगर निगम अमले ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। स्थिति को देखते हुए संबंधित टैंकर को तुरंत बदलकर साफ पानी की सप्लाई सुनिश्चित की गई।

मामले में सफाई देते हुए रायपुर नगर पालिक निगम जोन-9 के जोन कमिश्नर ने जानकारी दी है कि टैंकर से गंदे पानी की सप्लाई के संबंध में चलाया जा रहा टैंकर निजी ठेकेदार द्वारा सप्लाई कार्य में लगा हुआ था, जिसका अनुबंध दिनांक 17 अप्रैल 2026 को किया गया है। ठेकेदार के अनुसार संबंधित टैंकर नया था तथा टैंकर की सफाई न होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। वार्ड पार्षद द्वारा सूचना उपरांत टैंकर को तत्काल बदलकर साफ पानी का टैंकर सप्लाई कर दिया गया एवं ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया। जोन कमिश्नर ने बताया कि सभी ठेकेदारों की बैठक बुलाकर निर्देश दिए गए हैं कि टैंकर भरने के बाद पानी का परीक्षण कर ही सप्लाई की जाए। अन्यथा की स्थिति में अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष सामान्य सभा की वैधता पर ढेबर ने खड़े किए सवाल

**रायपुर, 25 अप्रैल।** पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा है कि नगर निगम की विशेष सामान्य सभा केवल आपात परिस्थितियों में बुलाई जाती है, जैसे किसी आपदा, जल संकट या स्वच्छता से जुड़े गंभीर मुद्दों पर तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता हो। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ऐसी कोई स्थिति नहीं है, फिर भी विशेष सामान्य सभा बुलाई जा रही है।



उन्होंने संबंधित मंत्री, अधिकारियों और महापौर से सवाल करते हुए पूछा कि क्या यह विशेष सामान्य सभा नियमों के अनुसार बुलाई गई है। ढेबर ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी विशेष सामान्य सभा बुलाकर वन नेशन वन इलेक्शन जैसे विषय पर चर्चा कराई गई थी, जो नगर निगम के दायरे से बाहर और असंवैधानिक है।

ढेबर का कहना है कि नगर निगम की बैठकें स्थानीय मुद्दों और शहर के विकास से जुड़े विषयों पर केंद्रित होनी चाहिए, न कि ऐसे राष्ट्रीय राजनीतिक मुद्दों पर जिनका सीधे तौर पर नगर निगम के कार्यों से संबंध नहीं है।

# छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक 29 अप्रैल को

**रायपुर, 25 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक 29 अप्रैल को अपरान्ह साढ़े तीन बजे से मंत्रालय (महानदी भवन), नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित की जाएगी। इस आशय का पत्र आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री एवं जनजातीय सलाहकार के परिषद के उपाध्यक्ष रामविचार नेताम सहित प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी एवं परिषद के सभी सदस्य उपथित रहेंगे। छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में (दिनांक 11 मार्च 2025) के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक निर्माण विभाग



द्वारा भी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। बैठक में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा, जिसमें संस्थान में रिक्त पदों की भर्ती विषयक, उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति हेतु टीआई पद स्थापना तथा संग्रहालय में जनजातीय धार्मिक स्थलों के निर्माण एवं प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन पर राज्यपाल प्रतिवेदन वर्ष 2024-25 के अनुमोदन अन्य महत्वपूर्ण जनजातीय विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### साय कैबिनेट की बैठक 29 को

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (केबिनेट) की बैठक बुधवार, 29 अप्रैल को सवेरे 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी।

# पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास और सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला : किरण देव

**रायपुर, 25 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रदेश के सभी त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियो सहित समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। देव ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएँ हमारे लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। महात्मा गांधी के 'ग्राम स्वराज' के सपने को साकार करने में इन संस्थाओं की भूमिका अतुलनीय है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पंचायतों को सीधे फंड आवंटित कर उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाया है, ताकि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इसी तरह राज्य की भाजपा सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतें 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को पूरा करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगीं। देव ने कहा कि पंचायतें केवल शासन की इकाई नहीं, बल्कि ग्रामीण उत्थान और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति का केंद्र हैं। आज के दिन हम पंचायतों को और अधिक पारदर्शी, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेते हैं। सभी पंचायत प्रतिनिधि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी निष्ठा के साथ जन-जन तक पहुँचाएँ और ग्रामीण बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने में अपना सक्रिय योगदान दें।

# कार्यशाला में बताए गए अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम के उपाय





**रायपुर, 25 अप्रैल।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के कैट एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कैट के प्रदेश कार्यालय में किया गया। श्रीमति अनिमा एस कुजूर, संभागीय सेनानी एवं नोडल अधिकारी एसडीआरएफ रायपुर संभाग रायपुर छत्तीसगढ़, पुष्पराज सिंह, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना रायपुर छत्तीसगढ़, लिलेश्वर सिंह राजपूत, निरीक्षक, स्टेशन प्रभारी, अग्निशामन केंद्र टिकरापारा रायपुर छत्तीसगढ़, की संयुक्त टीम द्वारा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीगण व्यापारी उपस्थित रहे। जिनकों प्रारंभिक अग्निदुर्घटना से बचाव/सुरक्षा के संबंध में संगोष्ठि के माध्यम से जागरूक करने के साथ ही मॉक ड्रील के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

अनिमा एस. कुजूर, संभागीय सेनानी रायपुर ने बताया कि आग लगने की घटनाओं में भारत तीसरे स्थान पर है। ये घटनाएं विशेष रूप से भारत के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में होती हैं। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक देश के दो सबसे शहरीकृत राज्य महाराष्ट्र और गुजरात में देश की आग दुर्घटना में होने वाली मौतों का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा हैं। इंडिया रिस्क सर्वे के अनुसार, लगातार आग लगने की घटनाओं से व्यापार की निरंतरता और संचालन पर विपरित प्रभाव पड़ता है। पिछली घटनाओं के अध्ययन करने पर पता चलता है कि आग लगने की अधिकांश दुर्घटनाएं तीन प्रमुख कारणों से होती हैं। बिजली का शार्ट सर्किट या गैस सिलेंडर/स्टोव फटना मानव की लापरवाही गलत तरीके से बनाई गई आदतें है।

# अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान

**रायपुर, 25 अप्रैल।** गर्मी के मौसम में अघोषित बिजली की कटौती आम आदमी के लिये सरदर्द बन गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली के साथ भाजपा सरकार आने के बाद जनता को पूरे 24 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। ढाई साल में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था।



# छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के लिए खुले वैश्विक बाजार के द्वार



**रायपुर, 25 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'Export Awareness and Incentive Schemes' कार्यशाला होटल किंग्सवे में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्यमियों को निर्यात की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें वैश्विक व्यापार मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने मंचस्थ अतिथियों को पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत करते हुए अपने संबोधन में व्यापारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के उत्पादों में वैश्विक बाजार पर छा जाने की अपार क्षमता है और चेम्बर व्यापारियों को हर कदम पर सहयोग देने के लिए तैयार है।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे बताया कि आज का यह दिन छत्तीसगढ़ के व्यापारिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। हम अक्सर सोचते हैं कि निर्यात केवल बड़े महानगरों या बड़े घरानों का काम है, लेकिन 'भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी' के आशीर्वाद से आज हम इस धारणा को बदलने आए हैं।

## आयोजन

### हमारी शिक्षा सबसे पहले देश के लिए है : डॉ सच्चिदानंद शुक्ल

# महंत कालेज में पुरस्कार वितरण



**रायपुर, 25 अप्रैल।** महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में आज पुररस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। शिक्षा प्रचारक समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी एवं सचिव अनिल तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद थे।

कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवशीश मुखर्जी ने संस्थान के विद्यार्थियों की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि महंत लक्ष्मीनारायण महाविद्यालय के छात्रों ने अकादमिक गतिविधियों के साथ ही खेलकूद और अन्य गतिविधियों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार सफलता हासिल की है। तथा इस वर्ष खेलो इंडिया में कराटे पर गोल्ड मैडल भी महाविद्यालय के छात्र ने हासिल किया अपने सम्बोधन में कुलपति डॉ शुक्ला ने युवाओं से कहा कि अभी जनरेशन गैप की सीमा 24 वर्ष से घटकर आठ वर्ष रह गई है, इसलिए अब नए संस्थानों में शिक्षक और छात्रों के बीच विचारों का अंतर बहुत कम रह गया है। उन्होंने अगले सत्र से पाँच वर्ष का एकीकृत पाठ्यक्रम बीसीए-एलएलबी शुरू करने कि घोषणा ही की। साथ ही विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए इनोवेशन आइडिया की पहल भी अब सभी महाविद्यालयों तक की जाएगी।

अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि अब के युवाओं को अपनी ऊर्जा बचाकर रखने की जरूरत है, क्योंकि मोहाइल और रील में उनका बहुत सा समय गुजर जाता है। उन्होंने खेल तथा अन्य गतिविधियों में सफल होने वाले महंत कालेज के छात्रों की भरपूर सराहना भी की। शिक्षा प्रचारक समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि महंत कालेज के छात्रों ने लगातार शिक्षण के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल अकरके प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपलब्धियों को देखते हुए शिक्षा प्रचारक समिति ने अगले सत्र से विश्वविद्यालय की प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले महंत कालेज के छात्रों को 11, 111 रुपये का नकद पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। कुल 271 छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरण किये गए इस समारोह में खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी सहित अन्य वर्गों केसफल छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं सभी आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ किरण अग्रवाल ने किया।

# सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने रवि भवन में सीसीटीवी कैमरे




**रायपुर, 25 अप्रैल।** रवि भवन में आज गोल बाजार थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी की टीम के साथ उपस्थिति में संवाद से समाधान अंतर्गत व्यापारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर व्यापारी संघ पदाधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बैठक में भवन की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से परिसर में चारों ओर छ्ष्ट्ठ्ङ्क कैमरे लगाने एवं अग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इन व्यवस्थाओं से वाहनों की चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते कार्यवाही संभव हो सकेगी। इसके अतिरिक्त व्यापारियों द्वारा सेकेंड हैंड मोबाइल की खरीदी-बिक्री से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26